हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 10 अक्तूबर 2025 | अंक 355/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




### गाजा सीजफायर समझौते के बाद नेतन्याहू का ऐलान

# हमास छोड़ेगा बंधक, इजरायल रोकेगा हमले!

**यरुशलम.**

इजरायल और हमास ने गुरुवार को सीजफायर और फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों को रिहा करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए. यह समझौता गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल के पहले चरण का हिस्सा है. मिस्र में दोनों पक्षों के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर की पुष्टि की. इस समझौते की घोषणा के बाद फिलिस्तीन और इजरायल को लोगों ने जश्न मनाया. यह दो



साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की दिशा में उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है, जिसमें 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए. इस समझौते के तहत सीजफायर लागू होगा. इजरायल गाजा से आंशिक रूप से पीछे हट जाएगा.

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सीजफायर उनकी सरकार की मंजूरी के बाद प्रभावी होगा. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली सरकार ने समझौते पर हस्ताक्षर की पुष्टि करते हुए कहा कि कैबिनेट बैठक के 24 घंटे के भीतर सीजफायर लागू हो जाएगा. गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को 72 घंटे के भीतर रिहा कर दिया जाएगा.

### 'रिहा किए जाने वाले लोगों की लिस्ट जारी नहीं हुई'

एक इजरायली अधिकारी ने कहा, "7 अक्टूबर, 2023 को हमले के दौरान हमास की ओर से पकड़े गए सभी 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा. ये सभी बंधक गाजा में जीवित हैं." उन्होंने बताया कि इजरायल जिन फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा उसमें मारवान बरगौती शामिल नहीं होगा. एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने बताया कि समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भी रिहा किए जाने वाले लोगों की लिस्ट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है. यह समूह इजरायली जेलों में बंद कुछ सबसे प्रमुख फिलिस्तीनी दोषियों के साथ-साथ इजरायल पर हमले के दौरान हिरासत में लिए गए सैकड़ों लोगों की रिहाई की मांग कर रहा है.

### उड़ान भरने के बाद झाड़ियों में गिरा प्लेन

## फर्रुखाबाद में प्राइवेट एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त



**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। एक प्राइवेट जेट टेकऑफ करते समय रनवे से फिसलकर पास की झाड़ियों में जा घुसा। गनीमत रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। विमान में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस हादसे के दौरान विमान में दो पायलट समेत कुल छह लोग सवार थे। प्राइवेट जेट में एंग्री न्यूट्री पैड प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय अरोड़ा, एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी सुमित शर्मा और जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) राकेश टीकू भी मौजूद थे।

पायलटों की पहचान कैप्टन नसीब वामल और प्रतीक फर्नांडीज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग भोपाल से फर्रुखाबाद आए थे। उनका उद्देश्य खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में बन रही एक बीयर फैक्ट्री के निर्माण कार्य का निरीक्षण करना था। इसके लिए वे प्राइवेट जेट से मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी पर पहुंचे, लेकिन जब विमान ने दोबारा उड़ान भरने की कोशिश की तो वह नियंत्रण से बाहर हो गया और रनवे छोड़कर झाड़ियों में जा फंसा। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। मौके पर तुरंत एसडीएम, डीएसपी, फायर ब्रिगेड की टीम और थाना पुलिस पहुंच गई। राहत और बचाव कार्य तत्परता से शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है और सभी लोग सुरक्षित हैं। फिलहाल, विमान हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, टेक्निकल फॉल्ट या रनवे की स्थिति हादसे की वजह हो सकती है। डीजीसीए को भी सूचना दे दी गई है और पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी। इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी की सुरक्षा और सुविधाओं की समीक्षा करने की बात कही है। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने समय पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

# नोएडा में डिफेंडर ने 6 गाड़ियों को मारी टक्कर

### स्विफ्ट-स्कार्पियो समेत कई कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त, कई सवार घायल

**नोएडा.** नोएडा में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। देर रात गुलशन मॉल तिराहे पर तेज रफ्तार डिफेंडर कार ने अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर चल रही पांच चार पहिया गाड़ियों और एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी तरह की जनहानि नही हुई। पूरा मामला थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, डिफेंडर कार को सुनीत नामक युवक चला रहा था, जो नोएडा सेक्टर-100 का रहने वाला है। सूचना के बाद थाना एक्सप्रेसवे



पुलिस आनन फानन में मौके पर पहुँची और डिफेंडर चालक सुनीत को हिरासत में ले लिया है।

वही नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया सेल ने बताया कि कार चालक द्वारा लापरवाही से वाहन चलाते हुए गुलशन मॉल तिराहे पर 5 गाड़ियों और एक मोटरसाइकिल में टक्कर मारी गई। हादसे में किसी की जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है। वाहन को भी कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलशन मॉल तिराहे के पास बुधवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार लैंड रोवर डिफेंडर ने पांच कारों और एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि व्यस्त चौराहे से गुजरते समय चालक ने एसयूवी पर से नियंत्रण खो दिया।

## नवरात्र के दौरान बवाल करने वालों पर बुलडोजर एक्शन

**गांधीनगर.** गुजरात के गांधीनगर में जिला प्रशासन बड़ा कदम उठाने जा रहा है. दरअसल, बीते 24 सितंबर को जिले के देहगाम तहसील में नवरात्रि के पर्व पर गरबा का आयोजन रखा गया था. बहियाल गांव में इस कार्यक्रम के दौरान दंगाइयों ने हमला कर दिया था. बहियाल गांव में हुई इस हिंसक घटना के बाद प्रशासन और पुलिस तंत्र सक्रिय हो गए. अब उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है. उनके अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है. आज (गुरुवार, 9 अक्टूबर) सुबह से बहियल गांव में बुलडोजर चला कर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया चल रही है. बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा बहियाल में जिन 186 अवैध निर्माणों की पहचान की गई थी, वहां अवैध निर्माण करने वालों को 2 दिनों का नोटिस भी जारी किया गया था. 150 में से 70 प्रतिशत से अधिक निर्माण में नवरात्रि में हिंसा फैलाने वाले तत्वों के होने का पता चला था. डिप्टी इंजीनियर अक्षय पटेल ने जानकारी दी है, "यहां आर एंड बी राज्य की सड़क पर स्थायी और अस्थायी, दोनों तरह के 135 अतिक्रमण हैं. सड़क पर 18 मीटर का राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) है. इन अतिक्रमणों को हटाने की प्रक्रिया जारी है.

# केदारनाथ में 16.56 लाख श्रद्धालु पहुंचे

### कपाट बंद होने में 14 दिन बाकी; अब तक 47 लाख लोगों ने की चारधाम यात्रा



**केदारनाथ.** मानसून में बारिश और आपदाओं के कारण धीमी पड़ी चारधाम यात्रा ने अब फिर रफ्तार पकड़ ली है. बुधवार तक केदारनाथ यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की संख्या एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए 16 लाख 56 हजार के पार पहुंच गयी. पिछले कुछ दिनों से उत्तराखंड के उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी तथा निचले इलाकों में बारिश हो रही है लेकिन उसके बावजूद तीर्थयात्रियों का उत्साह बना हुआ है. एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार केदारनाथ धाम में बुधवार को 5614 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए. इसी के साथ इस साल अब तक बाबा केदार के धाम आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 16 लाख 56 हजार 539 हो गयी, जबकि अभी धाम के कपाट बंद होने में 14 दिन का समय बचा है. इससे पहले 2024 में पूरे यात्राकाल में 16 लाख 52 हजार 76 यात्री केदारनाथ आए थे. केदारानाथ के कपाट 23 अक्टूबर को भैयादूज के अवसर पर बंद होंगे.

इसी प्रकार, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है. प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए सुरक्षित यात्रा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. यात्रा मार्ग में जवानों की तैनाती की गई है, जबकि भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर मलबे की सफाई के लिए जेसीबी की व्यवस्था की गई है, ताकि यातायात लंबे समय तक बाधित न हो. 30 अप्रैल 2025 को गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की शुरूआत हुई थी. इसके बाद दो मई को केदारनाथ और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए थे. मानसून सीजन में अतिवृष्टि, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के कारण चारधाम यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई थी. प्रकृति की विनाशलीला में गंगोत्री धाम का महत्वपूर्ण पड़ाव धराली बुरी तरह तबाह हो गया, जबकि यात्रा मार्ग बुरी तरह तहस-नहस हो जाने से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा भी बाधित हो गयी थी. हालांकि, राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से मार्गो को बहाल किया, जिससे आम जनजीवन भी सामान्य हुआ.

## पुराने विवाद में छात्र पर हमला

**नागपुर.** पुराने विवाद के चलते एक छात्र पर तीन युवकों ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना वाठोड़ा स्थित सिंबायसिस कॉलेज के सामने घटी। जानकारी के अनुसार, अमन लक्ष्मण आमेसर (18), निवासी छाप्रू नगर, और ध्रुव अग्रवाल (20), निवासी गायत्री टावर्स, टेलीफोन एक्सचेंज, के बीच पुराना विवाद चल रहा था। घटना 7 अक्टूबर की दोपहर की है, जब अमन स्नूकर खेलने के लिए सिंबायसिस कॉलेज के सामने पहुंचा। वहां उसकी मुलाकात ध्रुव अग्रवाल, उसके साथी पट्या (25), निवासी सूर्य नगर, और प्रिंस सज्जू (27), निवासी आजमशाह चौक से हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और तीनों ने अमन पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। इसी दौरान पट्या ने एक पत्थर उठाकर अमन के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### राज्यों से लिस्ट मांगी; 3 सिरप की बिक्री पर रोक, एमपी में अबतक 25 बच्चों की मौत

# सरकार देश में कफ-सिरप कंपनियों की जांच करेगी



**भोपाल.**

मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप से अबतक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने देशभर में सिरप बनाने वाली फॉर्मा कंपनियों की जांच और सैंपल टेस्टिंग करने का फैसला किया है। सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सिरप बनाने वाली कंपनियों की लिस्ट मांगी है, ताकि उनकी क्वालिटी और सुरक्षा की जांच की जा सके। सडस्क ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को बताया कि तीन सिरप कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश-टीआर और रिलाइफ की बाजार में बिक्री और उनके प्रोडक्शन पर भी रोक लगा दी है। वहीं, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि दवा बनाने से पहले कच्चे माल और तैयार दवाओं की टेस्टिंग जरूर की जाए। जांच में पाया गया है कि कई दवा कंपनियां हर बैच की सही तरीके से जांच नहीं कर रहीं, जिससे दवाओं की क्वालिटी खराब हो रही है। इससे पहले मध्य प्रदेश की एसआईटी टीम ने बुधवार रात चेन्नई में कोल्ड्रिफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गिरफ्तारी कर लिया था। एसआईटी ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं। मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई कर सकता है। वकील विशाल तिवारी की याचिका में इस मामले की जांच राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या सीबीआई के जरिए विशेषज्ञों की समिति बनाकर कराए जाने की मांग की गई है। अभी तक कोई भी राज्य पूरी तरह से सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई गाइडलाइन का पालन नहीं कर पाया है। यह गाइडलाइन दवाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बनाई गई है। सरकार के आदेश के बाद 18 राज्यों के ड्रग डिपार्टमेंट ने ऑनलाइन नेशनल ड्रग्स लाइसेंसिंग सिस्टम पर रजिस्ट्रेशन किया है। यह एक सिंगल-विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिससे दवाओं से जुड़े सभी लाइसेंस और परमिशन ऑनलाइन दी जा सकती हैं। तमिलनाडु सरकार की जांच कमेटी को कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिली थीं। जिन्हें क्रिटिकल और मेजर श्रेणी में रखा गया था।


### तमिलनाडु में बनने वाली कोल्ड्रिफ सिरप में 48% जहर

कांचीपुरम जिले के सुंगुवर्चत्रम में स्थित श्रीसन फार्मास्यूटिकल की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) जब्त किया गया। जांच में पता चला कि इसमें नॉन-फार्माकॉपिया ग्रेड प्रोपीलीन ग्लाइकॉल का इस्तेमाल हुआ, जो संभवतः डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल से दूषित था। दोनों ही केमिकल किडनी को नुकसान पहुंचाने वाले जहरीले पदार्थ हैं। जैसे ही सैंपल चेन्नई की सरकारी ड्रग्स टेस्टिंग लैब में भेजे गए, वहां से 24 घंटे में रिपोर्ट दी गई। इसमें पाया गया कि कोल्ड्रिफ सिरप का यह बैच 48.6% डब्लू/वि डीईजी से जहरीला और 'नॉट ऑफ़ स्टैण्डर्ड क्वालिटी' है। जबकि अन्य चार दवाओं (रेस्पोलाइट डी, जीएल, एसटी और हेप्सैंडिन सिरप) को स्टैंडर्ड क्वालिटी का पाया गया।



> ईयू-भारत साझेदारी में नया मोड़ आने के संकेत

# ईयू ने भारत को बताया ग्लोबल इकोनॉमी का इंजन




**नई दिल्ली.**

समिट का आगाज गुरुवार से शुरू हो गया है. जर्मनी में चल रहे इस आयोजन के मौके पर ट्रेड ईयू कमिश्नर मारोस सेफ्कोविक ने भारत को ग्लोबल इकोनॉमी का सच्चा इंजन कहा. उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा समय में ईयू का अमेरिका और चीन से ज्यादा भारत के साथ ट्रेड है. ऐसे में भारत ईयू का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बन गया है. उन्होंने कहा कि फ्री ट्रेड पर भारत के साथ उनकी 13 दौर की वार्ता हो चुकी है. साथ ही साल के अंत तक दोनों ही किसी ना किसी नतीजे पर पहुंच जाएंगे. ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि दिसंबर तक ईयू के साथ एफटीए पर आम सहमति बन सकती है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर उन्होंने अपने भाषण में क्या कहा. मारोस सेफ्कोविक ने संबोधन में कहा कि हम दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता को लगातार देख रहे हैं. ऐसे समय में, यह महत्वपूर्ण है कि हम समान विचारधारा वाले पार्टनर्स के साथ काम करें. यही कारण है कि यूरोप ने भारत, जो एक प्रमुख रणनीतिक भागीदार और ग्लोबल इकोनॉमी का एक सच्चा इंजन है, के साथ बाइलेटरल संबंधों को गहरा और व्यापक बनाने के लिए एक नया एजेंडा तैयार किया है. व्यापार इस प्रयास के लिए महत्वपूर्ण है और हमारे आर्थिक संबंधों की आधारशिला है. पिछले एक दशक में, हमारी इकोनॉमीज के बीच व्यापार में 90 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है.

2024 में, हमने लगभग 120 बिलियन यूरो के सामानों का कारोबार किया था, जिससे अमेरिका और चीन को पीछे छोड़ भारत यूरोपीय यूनियन का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बन गया. उन्होंने कहा कि हम उन क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर ध्यान फोकस कर रहे हैं जहां सहयोग सार्थक हो, और हमारा लक्ष्य एक ऐसा पैकेज तैयार करना है जो आर्थिक रूप से सार्थक, पारस्परिक रूप से लाभकारी हो और दोनों पक्षों के बिजनेस और कंज्यूमर्स के लिए लाभकारी हो. उन्होंने कहा कि टैरिफ और नॉन-टैरिफ दोनों बाधाओं से निपटकर, हम अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करते हुए और ग्लोबल कॉमर्स की रक्षा करते हुए ट्रेड और इंवेस्टमेंट के लिए नई संभावनाएं खोल सकते हैं.

### भारत में दुगुना हुआ यूरोप का निवेश

❑ भारत में 6,000 से ज़्यादा यूरोपीय कंपनियां एक्टिव हैं, जहां पर लगभग 20 लाख भारतीयों को जॉब देती हैं, और ये कंपनियां इनडायरेक्टली 60 लाख और रोजगार प्रोवाइड करती हैं. भारत में यूरोपीय संघ का निवेश केवल पांच वर्षों में लगभग दोगुना होकर 140 अरब यूरो हो गया है. मारोस ने कहा कि हम इससे आगे बढ़ सकते हैं. इसके लिए वो खुद पीयूष गोयल के साथ इस अभूतपूर्व मुक्त व्यापार समझौते पर गहन चर्चा कर रहे हैं.

# टीवीएस ऑर्बिटर की महाराष्ट्र में भव्य लॉन्चिंग

**मुंबई.**




सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स: 158 किमी आईडीसी रेंज, क्रूज़ कंट्रोल, हिल होल्ड असिस्ट, 34-लीटर बड़ा बूट स्पेस और एडवांस्ड कनेक्टेड फीचर्स इंडस्ट्री-फर्स्ट 14 फ्रंट व्हील, बेहतर स्थिरता और राइड कम्फर्ट के लिए मॉडर्न और उद्देश्यपूर्ण डिज़ाइन, एयरोडायनामिक एफिशिएंसी के साथ सीधी 290 मिमी फुटबोर्ड और 845 मिमी फ्लैटफॉर्म सीट से अतिरिक्त आराम 94,900 की आकर्षक कीमत पर लॉन्च किया गया (एक्स-शोरूम मुंबई, पीएम ई-ड्राइव योजना सहित) दोपहिया और तिपहिया वाहनों की ग्लोबल लीडर टीवीएस मोटर ने महाराष्ट्र में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस ऑर्बिटर की लॉन्चिंग की घोषणा की।

रोज़ाना के कम्यूट को नया रूप देने के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्कूटर 158 किमी आईडीसी रेंज, क्रूज़ कंट्रोल, 34-लीटर बूट स्पेस, हिल होल्ड असिस्ट और एडवांस्ड कनेक्टेड फीचर्स जैसे कई सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशंस के साथ आता है। 3.1 केडब्ल्यूएच की बैटरी से लैस, टीवीएस ऑर्बिटर 158 किमी की प्रभावशाली आईडीसी रेंज प्रदान करता है। इसकी बेहतर एयरोडायनामिक एफिशिएंसी स्थिरता और ऊर्जा प्रदर्शन दोनों में सुधार करती है, जबकि 14 इंच का फ्रंट व्हील, गतिशील रियर कॉन्फ़िगरेशन के साथ मिलकर शहरी वातावरण में असाधारण पकड़, सटीक हैंडलिंग और आत्मविश्वास से भरी गतिशीलता सुनिश्चित करता है। सीधा एर्गोनोमिक हैंडलबार सवारी की गतिशीलता को और बढ़ाता है, बेहतर आराम और सहज नियंत्रण प्रदान करता है।

# करवाचौथ पर बैंक बंद रहेंगे या खुलेंगे?

**नई दिल्ली.**

अक्तूबर का महीना भारत में त्योहारों की भरमार लेकर आता है. इस दौरान देश भर में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग त्योहार मनाए जाते हैं, और ऐसे में बैंक छुट्टियों का खास ध्यान रखना जरूरी हो जाता है. अगर आप भी अक्टूबर में बैंक से जुड़े कोई जरूरी काम करने की योजना बना रहे हैं, तो ये जानकारी आपके बहुत काम की है.इस साल करवा चौथ 10 अक्टूबर 2025 को पड़ रहा है, जो कि शुक्रवार का दिन है. यह खासतौर पर उत्तर भारत की महिलाओं द्वारा बड़े श्रद्धा और आस्था से मनाया जाता है. इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जल व्रत रखती हैं और चंद्रमा को अर्घ्य देकर उपवास तोड़ती हैं. अब सवाल ये उठता है कि क्या करवा चौथ के दिन बैंक बंद रहेंगे? करवा चौथ एक क्षेत्रीय त्यौहार है, जिसे मुख्यतः उत्तर भारत के राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है. लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरे भारत में बैंक इस दिन बंद रहेंगे. 10 अक्टूबर 2025 को केवल हिमाचल प्रदेश में बैंक बंद रहेंगे, जबकि बाकी राज्यों में बैंक सामान्य रूप से खुले रहेंगे. अगर आप हिमाचल प्रदेश में रहते हैं और आपको बैंक का कोई जरूरी काम है, तो उसे एक दिन पहले निपटा लें, ताकि किसी तरह की परेशानी न हो. अगर आप अक्टूबर में चेक क्लियरेंस, कैश जमा/निकासी, लोन या अन्य बैंकिंग सेवाओं से जुड़ा कोई काम करना चाहते हैं, तो इन छुट्टियों को ध्यान में रखकर ही योजना बनाएं. खासतौर पर त्योहारों के दौरान कई जगहों पर कामकाज धीमा हो सकता है और बैंक में भीड़ भी बढ़ जाती है. ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं जैसे नेट बैंकिंग, यूपीआई, मोबाइल ऐप्स आदि त्योहारों पर भी चालू रहती हैं, लेकिन अगर काम ब्रांच में जाकर करना है, तो छुट्टियों की जानकारी पहले से होना जरूरी है.

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक का आईपीओ संकट में

**नई दिल्ली.**

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के 11,607 करोड़ रुपये का आईपीओ अब जांच के घेरे में है. इनगवर्न रिसर्च सर्विसेज ने कंपनी की विवादित कर देनदारियों और रॉयल्टी भुगतान को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए हैं. इनगवर्न ने बताया कि कंपनी के पास लगभग 4,717 करोड़ रुपये के कर और रॉयल्टी से जुड़े विवादित क्लेम हैं, जो कंपनी की कुल संपत्ति का करीब 73% है. इस खुलासे के बाद निवेशकों में चिंता बढ़ गई है कि ये विवाद भविष्य में कंपनी की कमाई पर बुरा असर डाल सकते हैं.

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का यह आईपीओ पूरी तरह से 'सेल ऑफ शेयर' का है, यानी नए निवेशकों से कोई पूंजी नहीं जुटाई जाएगी. इसमें कुल शेयर कोरियाई मूल कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक. बेच रही है, और इससे मिलने वाली पूरी रकम सीधे मूल कंपनी के खाते में जाएगी. इसका मतलब है कि आईपीओ के जरिए कंपनी को विस्तार या विकास के लिए कोई नई धनराशि नहीं मिलेगी, जो निवेशकों के लिए चिंता का विषय हो सकता है. इनगवर्न ने बताया कि एलजी इंडिया के खिलाफ विवादित कर मामलों की वजह से 4,717 करोड़ रुपये के वित्तीय जोखिम हैं. ये दावे मुख्य रूप से आयकर, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से जुड़े हैं, जिन पर कंपनी ने अभी तक कोई प्रावधान नहीं बनाया है. कंपनी ने कहा है कि ये मामले अदालतों और अपीलीय मंचों में चल रहे हैं, इसलिए फिलहाल प्रावधान की जरूरत नहीं है.

एलजी इंडिया अपनी घरेलू बिक्री पर कोरियाई मूल कंपनी को रॉयल्टी और तकनीकी सेवा शुल्क देती है, जो विवाद का एक बड़ा कारण है. इनगवर्न ने बताया कि आईपीओ के समय कंपनी पर केवल रॉयल्टी से 315 करोड़ रुपये की आकस्मिक देनदारी दर्ज है, जो आगे और बढ़ सकती है. इसके अलावा, कोरियाई कंपनी के पास अधिकार है कि वह बिना शेयरधारकों की मंजूरी के वार्षिक कारोबार के 5% तक रॉयल्टी शुल्क मांग सकती है, जो कंपनी के मुनाफे को प्रभावित कर सकता है. यह एक ऐसा खतरा है, जिसे कंपनी के छोटे शेयरधारक नजरअंदाज नहीं कर सकते.




## एसबीआई रिसर्च ने बताए टॉप परफॉर्मिंग स्टॉक्स

# दिवाली पर निवेश का सुनहरा मौका

**नई दिल्ली.** दिवाली का त्यौहार बस आने वाला ही है. दीपावली मंथ चल रहा है. ऐसे में निवेशकों के लिए कई सारे ब्रोकरेज फर्म दिवाली स्टॉक्स की सौगात लाते हैं. इसी मौके पर अभी एसबीआई सिक्योरिटीज ने दिवाली 2025 के लिए 15 शेयर चुने हैं. उनका मानना है कि नए संवत साल की शुरुआत के साथ, वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही से कमाई में दोहरे अंकों की बढ़ोतरी होगी और वित्त वर्ष 2027 में 3-5% की महंगाई कमाई को और बढ़ाएगी. इन शेयरों में बड़े नाम जैसे एचडीएफसी बैंक, हाल ही में लिस्ट हुआ एनएसडीएल और अपोलो हॉस्पिटल्स जैसे स्टॉक शामिल हैं. ब्रोकरेज को ओसवाल पंप्स में 25% और स्वराज इंजन्स में 24% की बढ़त की उम्मीद है. वित्त वर्ष 2025-27 के बीच अपोलो हॉस्पिटल्स में 18.3% की रेवेन्यू ग्रोथ और 30.5% की प्रॉफिट ग्रोथ की उम्मीद है. इसका कारण है मजबूत हॉस्पिटल बिजनेस, नई क्षमताएं, अपोलो 24/7 का ब्रेक-ईवन और अपोलो हेल्थको का अलग होना है. जो निवेशकों के लिए वैल्यू बढ़ाएगा. ब्रोकरेज ने इसके लिए 8,675 रुपये का टारगेट प्राइस रखा है, जो 13.2% की बढ़त दिखाता है. वहीं, टीवीएस मोटर पर ब्रोकरेज का कहना है कि अगले 12 महीनों में जीएसटी 2.0 वॉल्यूम ग्रोथ के लिए बड़ा फैक्टर होगा. टीवीएस मोटर को हाई कैपेसिटी और ऑपरेटिंग लीवरेज से फायदा होगा, जिससे मार्जिन बेहतर होगा. ब्रोकरेज ने इसके लिए 3,975 रुपये का टारगेट प्राइस रखा है, जो 13.2% की बढ़त दिखाता है.




### एनएसडीएल का टारगेट

❑ अगले 3-6 महीनों में मार्केट सेंटीमेंट बेहतर होने की उम्मीद है और एनएसडीएल इसमें प्रॉक्सी रोल निभाएगा. वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में डीमैट अकाउंट्स की मार्केट शेयर 15.5% थी, जो वित्त वर्ष 2025 में 9.4% थी. जून 2025 तक यह 4 करोड़ अकाउंट्स पार कर चुका है. ब्रोकरेज ने 1,380 रुपये का टारगेट प्राइस रखा है, जो 15.2% की बढ़त दिखाता है.

# ईटीएफ निवेश ने दिया शानदार रिटर्न

**नई दिल्ली.** सोना इस समय ग्लोबल और भारतीय बाजारों में रिकॉर्ड तोड़ रहा है. भारत में फ्यूचर मार्केट में सोने की कीमत 1.22 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चली गई है, और चांदी 1.5 लाख रुपये प्रति किलो से ऊपर पहुंच गई है. ग्लोबल मार्केट में सोना 4,000 डॉलर प्रति औंस से ज्यादा पर ट्रेड कर रहा है. ऐसा इसलिए क्योंकि निवेशक महंगाई, भू-राजनीतिक टेंशन और शेयर मार्केट के उतार-चढ़ाव के बीच सेफ इनवेस्टमेंट की ओर भाग रहे हैं. अरबपतियों का सपोर्टइस हफ्ते सोने ने 4,000 डॉलर प्रति औंस का ऐतिहासिक लेवल पार किया और इसे बड़े-बड़े अरबपतियों का साथ मिल रहा है.

अमेरिकी बिलियनेयर रे डालियो ने कहा है कि निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का करीब 15% हिस्सा सोने में रखना चाहिए. उन्होंने ब्लूमबर्ग से कहा कि सोना आपके पोर्टफोलियो को बैलेंस करने का शानदार तरीका है. खासकर तब जब ज्यादातर इनवेस्टमेंट्स कर्ज पर बहुत ज्यादा डिपेंड करते हैं. डालियो का कहना है कि सोना तब भी अच्छा परफॉर्म करता है जब बाकी एसेट्स नीचे जाते हैं. उन्होंने "डेड असेट" यानी कुछ सरकारी बॉन्ड्स से बचने की सलाह भी दी, क्योंकि क्रेडिट स्प्रेड बहुत कम हैं. सोने की इस तेजी के पीछे बड़ा कारण है डी-डॉलराइजेशन. जब डॉलर की वैल्यू गिरती है, सोने की कीमत बढ़ती है. 2025 की पहली तिमाही में सेंट्रल बैंकों के रिजर्व में डॉलर की हिस्सेदारी सिर्फ 43% रह गई है.

# महिंद्रा ट्रैक्टर्स के नए केंद्र से युवाओं को मिलेगा नया अवसर



**गढ़चिरोली.**

भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज मुंबई से वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिंद्रा ट्रैक्टर्स स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। यह ऐतिहासिक पहल ग्रामीण युवाओं को उद्योग से जुड़ी आधुनिक कौशल सिखाकर उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। भारत के नंबर 1 ट्रैक्टर ब्रांड, महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने यह स्किल डेवलपमेंट सेंटर, गढ़चिरोली के सरकारी आईटीआई कॉलेज में, वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विभाग और महाराष्ट्र स्टेट स्किल डेवलपमेंट सोसायटी के सहयोग से स्थापित किया है, ताकि ग्रामीण कौशल विकास और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिल सके। गढ़चिरोली स्थित इस ट्रैक्टर स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से महिंद्रा अपने ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी क्षेत्र के उत्कृष्ट अनुभव और गुणवत्ता के प्रति समर्पण को साझा करेगा। यह प्रशिक्षण एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम के तहत संचालित होगा, जिसमें श्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीकी उपकरणों और ट्रैक्टर से जुड़ी विभिन्न व्यावहारिक कौशलों का प्रत्यक्ष अनुभव दिया जाएगा। यह केंद्र युवाओं के लिए कई करियर अवसर खोलेगा- जैसे विनिर्माण संयंत्रों में असेंबली भूमिकाएं, और डीलरशिप केंद्रों पर बिक्री व सेवा संबंधी पद। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट बिजनेस के प्रेसिडेंट श्री विजय नाकरा ने कहा: हमारे लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गढ़चिरोली में महिंद्रा ट्रैक्टर स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। महाराष्ट्र न केवल एक अग्रणी औद्योगिक राज्य है, बल्कि कृषि क्षेत्र की प्रगति में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, जहां ग्रामीण समुदाय कौशल के माध्यम से सशक्त हों और नई उम्मीदों की फसल उगाएं।

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री
• दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 09/10/2025
पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- SD-03 : 3261
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1527 | 2066 | 2148 | 2922 | 3136 | 4021 | 4369 | 4826 | 5295 | 5628 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1086 | 1263 | 1584 | 2423 | 2686 | 3819 | 3882 | 3978 | 4304 | 5642 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1017 | 1962 | 3361 | 4138 | 5089 |
| 1115 | 2003 | 3363 | 4226 | 5203 |
| 1216 | 2058 | 3397 | 4313 | 5450 |
| 1292 | 2088 | 3429 | 4400 | 5471 |
| 1532 | 2220 | 3435 | 4440 | 5500 |
| 1575 | 2222 | 3637 | 4503 | 5515 |
| 1679 | 2229 | 3933 | 4519 | 5535 |
| 1710 | 2515 | 3934 | 4590 | 5695 |
| 1717 | 2569 | 3996 | 4680 | 5708 |
| 1719 | 3173 | 3999 | 4859 | 5751 |
| 1811 | 3188 | 4084 | 4879 | 5789 |
| 1854 | 3208 | 4103 | 5065 | 5827 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 21/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹ 50 लाख (रु. 5 लाखाची 10 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख ✱(रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)✱
तिसरे बक्षिस ₹5 लाख ✱(रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)✱
तिकीट किंमत 200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 09/10/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी
सोडत दर गुरुवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 41 सोडत दिनांक 09/10/2025
पहिले सामाईक बक्षिस रु. 8 लाख AP-02 : 3532
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 4075 — श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई (2 बक्षिसे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1885 | 1987 | 2723 | 3096 | 3740 | 5621 | 5899 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1492 | 2263 | 3656 | 3831 | 6625 | 6655 | 7435 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 2002 | 3032 | 3921 | 4507 | 4771 | 5244 | 5978 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 1229 | 2420 | 3352 | 3468 | 3933 | 6496 | 7353 |

सातवे बक्षीस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सातवे बक्षीस रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | 2022 | 2370 | 2828 | 3324 | 3832 | 4330 | 4770 | 5339 | 5760 | 6281 | 6867 | 7531 |
| | | 2023 | 2380 | 2829 | 3330 | 3836 | 4333 | 4781 | 5367 | 5772 | 6319 | 6871 | 7552 |
| | | 2028 | 2387 | 2869 | 3334 | 3845 | 4349 | 4794 | 5415 | 5791 | 6320 | 6876 | 7569 |
| 1008 | 1409 | 2039 | 2399 | 2892 | 3346 | 3859 | 4384 | 4806 | 5418 | 5792 | 6411 | 6883 | 7570 |
| 1016 | 1415 | 2052 | 2420 | 2922 | 3348 | 3893 | 4385 | 4817 | 5428 | 5800 | 6469 | 6931 | 7597 |
| 1019 | 1442 | 2065 | 2422 | 2924 | 3349 | 3906 | 4394 | 4847 | 5443 | 5808 | 6506 | 6956 | 7614 |
| 1031 | 1496 | 2083 | 2425 | 2930 | 3359 | 3915 | 4396 | 4855 | 5451 | 5829 | 6510 | 6969 | 7628 |
| 1039 | 1501 | 2092 | 2426 | 2947 | 3360 | 3930 | 4398 | 4881 | 5455 | 5831 | 6524 | 6995 | 7632 |
| 1060 | 1516 | 2116 | 2436 | 2951 | 3372 | 3936 | 4414 | 4884 | 5457 | 5852 | 6536 | 7013 | 7633 |
| 1091 | 1517 | 2121 | 2438 | 2972 | 3377 | 3939 | 4415 | 4898 | 5468 | 5855 | 6537 | 7067 | 7638 |
| 1095 | 1525 | 2126 | 2445 | 2997 | 3382 | 3959 | 4417 | 4904 | 5475 | 5856 | 6556 | 7074 | 7652 |
| 1101 | 1528 | 2131 | 2447 | 2999 | 3429 | 3967 | 4421 | 4924 | 5476 | 5872 | 6565 | 7076 | 7697 |
| 1103 | 1533 | 2155 | 2459 | 3035 | 3462 | 3977 | 4426 | 4929 | 5496 | 5920 | 6596 | 7077 | 7707 |
| 1112 | 1538 | 2162 | 2471 | 3038 | 3474 | 3994 | 4434 | 4948 | 5498 | 5927 | 6614 | 7093 | 7723 |
| 1114 | 1555 | 2178 | 2484 | 3061 | 3476 | 4016 | 4442 | 4968 | 5515 | 5945 | 6619 | 7095 | 7727 |
| 1117 | 1569 | 2181 | 2495 | 3081 | 3482 | 4024 | 4477 | 4984 | 5533 | 5952 | 6625 | 7097 | 7731 |
| 1151 | 1571 | 2187 | 2512 | 3083 | 3495 | 4037 | 4478 | 4988 | 5538 | 5958 | 6639 | 7124 | 7744 |
| 1159 | 1581 | 2205 | 2515 | 3091 | 3498 | 4040 | 4498 | 4997 | 5548 | 5975 | 6642 | 7141 | 7747 |
| 1161 | 1613 | 2209 | 2524 | 3118 | 3509 | 4044 | 4499 | 5020 | 5556 | 5976 | 6645 | 7147 | 7755 |
| 1178 | 1616 | 2213 | 2535 | 3137 | 3511 | 4051 | 4520 | 5048 | 5559 | 6009 | 6656 | 7170 | 7762 |
| 1194 | 1622 | 2215 | 2537 | 3152 | 3550 | 4069 | 4531 | 5059 | 5564 | 6022 | 6660 | 7173 | 7763 |
| 1195 | 1664 | 2217 | 2539 | 3159 | 3580 | 4080 | 4545 | 5065 | 5577 | 6033 | 6661 | 7182 | 7771 |
| 1200 | 1715 | 2220 | 2572 | 3189 | 3581 | 4094 | 4548 | 5109 | 5582 | 6049 | 6677 | 7197 | 7775 |
| 1204 | 1718 | 2231 | 2602 | 3195 | 3587 | 4100 | 4551 | 5123 | 5590 | 6062 | 6682 | 7242 | 7784 |
| 1210 | 1722 | 2233 | 2625 | 3226 | 3598 | 4102 | 4574 | 5125 | 5595 | 6063 | 6685 | 7244 | 7791 |
| 1219 | 1727 | 2240 | 2626 | 3230 | 3599 | 4123 | 4589 | 5135 | 5625 | 6082 | 6686 | 7265 | 7794 |
| 1230 | 1732 | 2247 | 2632 | 3238 | 3655 | 4140 | 4601 | 5139 | 5628 | 6086 | 6695 | 7270 | 7795 |
| 1251 | 1809 | 2248 | 2634 | 3261 | 3663 | 4144 | 4613 | 5153 | 5647 | 6106 | 6708 | 7285 | 7798 |
| 1253 | 1810 | 2249 | 2647 | 3273 | 3692 | 4149 | 4614 | 5154 | 5650 | 6128 | 6737 | 7291 | 7807 |
| 1264 | 1813 | 2252 | 2655 | 3275 | 3731 | 4187 | 4638 | 5234 | 5655 | 6135 | 6745 | 7315 | 7866 |
| 1268 | 1831 | 2265 | 2660 | 3281 | 3735 | 4188 | 4642 | 5237 | 5658 | 6148 | 6761 | 7350 | 7871 |
| 1288 | 1841 | 2266 | 2661 | 3300 | 3737 | 4205 | 4684 | 5250 | 5675 | 6171 | 6774 | 7397 | 7873 |
| 1291 | 1916 | 2277 | 2723 | 3302 | 3752 | 4210 | 4713 | 5255 | 5685 | 6179 | 6778 | 7408 | 7889 |
| 1303 | 1918 | 2282 | 2724 | 3305 | 3769 | 4221 | 4721 | 5257 | 5689 | 6223 | 6793 | 7415 | 7890 |
| 1312 | 1945 | 2299 | 2726 | 3307 | 3780 | 4222 | 4730 | 5263 | 5710 | 6226 | 6819 | 7419 | 7932 |
| 1331 | 1975 | 2321 | 2750 | 3308 | 3783 | 4240 | 4734 | 5278 | 5728 | 6227 | 6822 | 7438 | 7935 |
| 1365 | 1979 | 2329 | 2769 | 3311 | 3784 | 4245 | 4738 | 5284 | 5740 | 6260 | 6835 | 7457 | 7937 |
| 1380 | 2000 | 2333 | 2790 | 3315 | 3800 | 4258 | 4747 | 5288 | 5746 | 6266 | 6860 | 7468 | 7972 |
| 1407 | 2002 | 2348 | 2822 | 3320 | 3821 | 4312 | 4766 | 5338 | 5757 | 6267 | 6865 | 7470 | 7997 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र दिवाळी भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 01.11.2025
जिंका फक्त 5 अंकांवर पहिले बक्षिस ₹ 2 करोड (₹ 1 करोड x 2 बक्षिसे) 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र
दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 1 लाखाची x 10 बक्षिसे)
तिसरे बक्षिस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजाराची x 30 बक्षिसे)
तिकीट किंमत ₹ 200/-
आकर्षक पुष्कराज सोडत दिनांक 09/10/2025 छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी
सोडत सायं. 5:00 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 09/10/2025
पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- MG-08 : 2167
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 2000/- 2651, 4393, 6546 (जय जलाराम लॉटरीज गोरेगाव), 8915 (महाराजा असोसिएट्स, इचलकरंजी), 8941 (महाराजा असोसिएट्स, इचलकरंजी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0835 | 1877 | 2961 | 3005 | 4161 | 5546 | 5986 | 8973 | 9249 | 9561 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1578 | 2099 | 4676 | 5244 | 6084 | 6295 | 7554 | 8496 | 8908 | 9438 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0007 | 0736 | 1510 | 2612 | 3872 | 5057 | 6268 | 7293 | 8079 | 8797 |
| 0024 | 0740 | 1527 | 2629 | 3935 | 5096 | 6373 | 7308 | 8180 | 8834 |
| 0036 | 0775 | 1592 | 2782 | 4003 | 5211 | 6399 | 7349 | 8186 | 8849 |
| 0037 | 0786 | 1634 | 2882 | 4274 | 5217 | 6531 | 7350 | 8213 | 8856 |
| 0080 | 0801 | 1651 | 3133 | 4276 | 5245 | 6567 | 7382 | 8285 | 9229 |
| 0084 | 0889 | 1986 | 3183 | 4290 | 5335 | 6623 | 7567 | 8333 | 9359 |
| 0155 | 0892 | 1991 | 3232 | 4444 | 5425 | 6806 | 7571 | 8436 | 9699 |
| 0201 | 0950 | 2135 | 3239 | 4541 | 5431 | 6808 | 7707 | 8487 | 9765 |
| 0245 | 0997 | 2152 | 3350 | 4560 | 5555 | 6826 | 7749 | 8579 | 9796 |
| 0580 | 1197 | 2218 | 3352 | 4626 | 5866 | 6900 | 7786 | 8608 | 9797 |
| 0620 | 1209 | 2231 | 3489 | 4708 | 5966 | 6955 | 7789 | 8612 | 9829 |
| 0644 | 1214 | 2467 | 3630 | 4796 | 6066 | 7048 | 7792 | 8627 | 9945 |
| 0679 | 1365 | 2523 | 3683 | 4797 | 6091 | 7097 | 7869 | 8778 | 9963 |
| 0719 | 1392 | 2577 | 3812 | 5004 | 6134 | 7287 | 7964 | 8793 | 9972 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी दसरा विशेष मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 20-10-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख
दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजाराची 30 बक्षिसे)
तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजाराची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी सोडत दिनांक 09/10/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# टाटा ग्रुप की कंपनी ने बनाया बड़ा मुकाम

**नई दिल्ली.** देश के दिग्गज बिजनेसमैन रतन टाटा को आज दुनिया छोड़े एक साल हो गए. बीते साल आज ही के दिन यानी 9 अक्टूबर 2024 को उन्होंने मुंबई के अस्पताल में आखिरी सांस ली थी. वैसे तो रतन टाटा ने अपने 86 साल के जीवन काल में देश के लिए, बिजनेस जगत के लिए कई ऐसे काम किए हैं, जिनके लिए उन्हें सदियों तक याद किया जाता रहेगा. लेकिन क्या आपको पता है कि लाखों लोगों का करियर बनाने वाले रतन टाटा का खुद का करियर कैसे शुरू हुआ था? उन्होंने अपनी पहली नौकरी कब शुरू की थी और नौकरी जहां की थी वह कंपनी अब किस मुकाम पर है.रतन टाटा ने बतौर टाटा संस के चेयरमैन रहते हुए ग्रुप के 150 साल पुरानी विरासत को न केवल बखूबी संभाला. बल्कि ग्रुप को नई ऊंचाइयों तक लेकर गए. रतन टाटा का शुरुआती करियर बहुत दिलचस्प रहा है. 1960 के दशक में रतन टाटा कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से अपनी इंजीनियरिंग करने का बाद अमेरिका में ही बसना चाहते थे. मगर दादी की तबीयत खराब होने के चलते वह भारत वापस आ गए. रतन टाटा को पहली नौकरी का ऑफर आईबीएम से मिला था. लेकिन कंपनी ने भारत से काम करने के लिए मना कर दिया था. उसके बाद जेआरडी टाटा के कहने पर रतन टाटा मान गए और उन्होंने टाटा स्टील में नौकरी के लिए अप्लाई कर दिया. वहीं उन्होंने पहली नौकरी के तौर पर साल 1962 में ज्वाइन किया. रतन टाटा को उनकी पहली नौकरी टाटा स्टील में मिली थी. वे 1962 में टाटा ग्रुप में शामिल हुए और टाटा इंडस्ट्रीज में असिस्टेंट के रूप में काम शुरू किया, उसके बाद 1963 में जमशेदपुर के टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी अब टाटा स्टील में ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए ट्रांसफर हो गए. टाटा स्टील देश की सबसे बड़ी स्टील कंपनी है. कंपनी में अभी भी तेजी देखने को मिल रही है. खबर लिखे जाने तक कंपनी के स्टॉक आज 2.12 फीसदी की तेजी के साथ 175.50 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं. इसके शेयर 172.55 रुपये पर आज खुले थे और कारोबार के समय 177.85 रुपये का हाई बनाया. वहीं, अभी टाटा स्टील का मार्केट कैप 2,20,956.94 करोड़ रुपये है.

१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 09/10/2025
पहिले बक्षिस रु. 10,000/- GL-00 : 1342
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1269 | 1998 | 2863 | 3243 | 3395 | 3968 | 4262 | 5568 | 7084 | 8644 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0619 | 0835 | 1934 | 2027 | 2080 | 3834 | 4166 | 4400 | 7384 | 8548 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 3097 | 3119 | 3755 | 3766 | 4260 | 6179 | 6538 | 7688 | 9834 | 9979 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | 0508 | 1263 | 2082 | 3356 | 4464 | 5358 | 6183 | 7365 | 8150 | 9069 |
| 0003 | 0625 | 1316 | 2202 | 3381 | 4478 | 5419 | 6282 | 7379 | 8278 | 9073 |
| 0018 | 0650 | 1431 | 2226 | 3512 | 4514 | 5509 | 6304 | 7387 | 8349 | 9137 |
| 0062 | 0750 | 1434 | 2228 | 3537 | 4540 | 5514 | 6350 | 7422 | 8383 | 9221 |
| 0077 | 0757 | 1476 | 2281 | 3539 | 4559 | 5517 | 6440 | 7529 | 8425 | 9235 |
| 0080 | 0762 | 1508 | 2476 | 3559 | 4564 | 5540 | 6463 | 7552 | 8482 | 9259 |
| 0095 | 0808 | 1520 | 2488 | 3641 | 4625 | 5554 | 6501 | 7579 | 8519 | 9290 |
| 0096 | 0816 | 1578 | 2523 | 3712 | 4646 | 5557 | 6527 | 7596 | 8764 | 9296 |
| 0102 | 0840 | 1585 | 2546 | 3833 | 4848 | 5598 | 6639 | 7674 | 8783 | 9361 |
| 0119 | 0970 | 1590 | 2572 | 3883 | 4898 | 5650 | 6660 | 7706 | 8801 | 9364 |
| 0125 | 0990 | 1606 | 2577 | 4218 | 4900 | 5699 | 6666 | 7714 | 8828 | 9376 |
| 0194 | 1051 | 1610 | 2672 | 4314 | 4950 | 5707 | 6686 | 7717 | 8835 | 9398 |
| 0206 | 1150 | 1647 | 2728 | 4351 | 5052 | 5729 | 6693 | 7728 | 8852 | 9428 |
| 0210 | 1164 | 1734 | 2859 | 4390 | 5059 | 5753 | 6896 | 7779 | 8855 | 9568 |
| 0294 | 1182 | 1735 | 2890 | 4403 | 5118 | 5845 | 6898 | 7841 | 8856 | 9641 |
| 0403 | 1183 | 1840 | 2897 | 4406 | 5134 | 5958 | 6926 | 7845 | 8876 | 9679 |
| 0423 | 1198 | 1848 | 3053 | 4407 | 5157 | 5985 | 6995 | 7968 | 8885 | 9689 |
| 0433 | 1201 | 1853 | 3159 | 4413 | 5223 | 6027 | 7047 | 8083 | 8889 | 9695 |
| 0436 | 1221 | 1872 | 3277 | 4420 | 5261 | 6038 | 7061 | 8120 | 8978 | 9867 |
| 0480 | 1235 | 1970 | 3349 | 4451 | 5268 | 6061 | 7097 | 8143 | 8981 | 9977 |
| 0504 | 1256 | 2065 | 3353 | 4455 | 5345 | 6147 | 7328 | 8144 | 9002 | 9999 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 22/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षीस ₹ 5 लाख
सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख ✱ (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे) ✱
तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी सोडत दिनांक 09/10/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## सुविचार

अगर आप खुद से प्रतिस्पर्धा करते रहेंगे तो आप हमेशा सुधारते रहेंगे

## संपादकीय

> लेखक: मोहम्मद ज़ियाउल्लाह ख़ान, नागपुर

# मेक इन इंडिया: गरजते शेर से फीकी होती गूंज तक



मोदी सरकार की तथाकथित महत्वाकांक्षी परियोजना 'मेक इन इंडिया' की शुरुआत को अब 11 साल से अधिक हो चुके हैं। अब, नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष बाद, भारत एक अहम मोड़ पर खड़ा है- युवाओं से समृद्ध, लेकिन तैयारी में चिंताजनक रूप से गरीब, और औद्योगिक क्षमता को पुनर्जीवित करने की वैश्विक दौड़ में तेजी से पिछड़ता हुआ। जहां अन्य देश घरेलू विनिर्माण को गति दे रहे हैं, वहीं कभी गेम-चेंजर कही जाने वाली यह परियोजना न केवल ठहर गई है, बल्कि सिमट भी गई है। यह केवल अधूरे लक्ष्यों की कहानी नहीं है बल्कि गलत प्राथमिकताओं की कहानी है। आइए समझते हैं कैसे? वह सपना जो गरजा था. सितंबर 2014 में मंच पर एक गरजता हुआ शेर आया। बड़े जोश के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया' अभियान की शुरुआत की जो दरअसल यूपीए सरकार की नेशनल मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी का नया पैकेज था। उनका लक्ष्य था कि भारत की जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 16% से बढ़ाकर 2022 तक 25% की जाए। लेकिन इस पूरे चमकदार अभियान के बीच, जिसकी लोगो अमेरिकी कंपनी ने 11 करोड़ रुपये में डिजाइन किया था, नीति का असली ढांचा गायब नज़र आया। समय सीमा चुपचाप 2025 तक बढ़ा दी गई और वादे व प्रदर्शन के बीच की खाई लगातार बढ़ती गई। आंकड़े खुद बोलते हैं. संशोधित आंकड़ों के अनुसार, 2023–24 में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी घटकर 13% से भी नीचे आ गई। और तो और, इस क्षेत्र में रोजगार 2016–17 में 5.1 करोड़ से घटकर 2020–21 में केवल 2.7 करोड़ रह गया। यह केवल एक नीति की असफलता नहीं है. बल्कि यह एक ऐसा उदाहरण है जब आर्थिक रणनीति की जगह आर्थिक कहानी बाजी ने ले ली, जब स्लोगन ने सिस्टम को बदल दिया, और जब जनता को राजनीतिक प्रदर्शन का खर्च उठाना पड़ा।

शुरू से ही 'मेक इन इंडिया' अर्थशास्त्र से ज्यादा ऑप्टिक्स यानी दिखावे पर आधारित था। वैश्विक सम्मेलनों, चमकदार विज्ञापनों और मीडिया अभियान के बीच असली ज़रूरतें निवेश, आधारभूत ढांचा, स्किलिंग और सेक्टरल सपोर्ट-कभी पूरी नहीं हुईं। बुनियादी ढांचा किसी भी औद्योगिक उछाल की रीढ़ होता है, जिसके लिए सरकार को भारी पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। लेकिन सरकार का ध्यान कहीं और भटक गया।

परिणामस्वरूप, ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन यानी उत्पादक परिसंपत्तियों में निवेश विश्व बैंक के अनुसार 2007 में जीडीपी के 36% से घटकर 2024 में 30% पर आ गया। न नक्शा, न गति मेक इन इंडिया के पास न तो पर्याप्त फंडिंग थी और न ही कोई ठोस रोडमैप। न किसी प्रमुख सेक्टर को प्राथमिकता दी गई, न औद्योगिक क्लस्टर बनाए गए, न ही मज़दूर वर्ग को प्रशिक्षित करने की कोई दीर्घकालिक योजना बनी। इसका परिणाम यह हुआ कि विदेशी निवेशकों का भरोसा डगमगा गया। 2020 में कुल पूंजी निर्माण में एफडीआई की हिस्सेदारी 8.8% थी, जो 2024 में घटकर केवल 2.3% रह गई। आज जो बचा है, वह है अमेरिका में बना शेर का लोगो और एक नारा जिसके पीछे कोई ठोस ढांचा नहीं। प्रोत्साहन रणनीति नहीं है. सरकार के समर्थक अक्सर प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना का हवाला देते हैं। सच है कि स्मार्टफोन जैसे कुछ क्षेत्रों में इससे हल्की सफलता मिली, लेकिन यह सीमित उपलब्धि है। केवल प्रोत्साहन से मजबूती नहीं आती। जब तक लॉजिस्टिक्स, श्रम कानून, और अनुसंधान एवं विकास में निवेश नहीं बढ़ेगा, तब तक सब्सिडी सिर्फ कमजोरी को ढकने का काम करेगी। इससे भारतीय उत्पाद महंगे बनते हैं- न केवल बनाने में, बल्कि ले जाने और निर्यात करने में भी। सुधार के नाम पर नकदी संकट जब नागरिकों से बड़े सपने देखने को कहा गया, तब छोटे व्यवसाय दम तोड़ने लगे। फिर आया नोटबंदी का झटका जिसने भारत के विनिर्माण की रीढ़, यानी लघु और मध्यम उद्योगों को हिला दिया। नकदी, जो रोजमर्रा के लेन-देन की ऑक्सीजन थी, एक रात में गायब हो गई। ये कंपनिया न तो डिजिटल थीं, न ही इनके पास पूंजी का भंडार। काले धन पर वार के नाम पर की गई नोटबंदी ने असल अर्थव्यवस्था को अपंग कर दिया। 2019 तक, प्रचलन में मुद्रा न केवल पहले के स्तर पर लौट आई बल्कि उससे भी अधिक हो गई। काला धन खत्म नहीं हुआ सिर्फ आजीविका खत्म हुईं। चायवाला, लेथ मशीन का मजदूर, फैक्ट्री का लड़का सभी ठहर गए, क्योंकि नकदी भी गायब थी और काम भी। कर सुधार से अनुपालन के जाल तक, जल्द ही आई जीएसटी, बड़े शोर-शराबे के साथ। संकल्पना के स्तर पर यह सुधार अच्छा था, लेकिन इसका क्रियान्वयन जल्दबाजी में और जटिल रूप से हुआ। नोटबंदी से घायल छोटे उद्योग अब जीएसटी की उलझनों में फंस गए। 'रिवर्स चार्ज' जैसी व्यवस्था ने छोटे कारोबारियों को नकदी संकट में डाल दिया उन्हें पहले टैक्स देना पड़ता था, जबकि भुगतान बाद में मिलता था। आज भी एमएसएमई क्षेत्र भारत के विनिर्माण उत्पादन का 35.4% योगदान देता है. यह सरकार की सफलता नहीं, बल्कि उद्यमियों की जिजीविषा का प्रमाण है। और फिर छा गई चुप्पी जैसे-जैसे 'मेक इन इंडिया' हकीकत से दूर होता गया, सरकारी चुप्पी गहराती गई। न कोई प्रेस ब्रीफिंग, न संसदीय अपडेट, न नई योजना। ऐसी कई रिपोर्टें दबा दी गई जो बहस को जन्म दे सकती थीं। लेबर ब्यूरो की 2016–17 की रोजगार रिपोर्ट, जिसमें नोटबंदी के बाद बेरोजगारी में उछाल दिखाया गया था, 2019 के चुनावों तक रोक दी गई। रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी दर 2013–14 के 3.4% से बढ़कर 2016–17 में 3.9% हो गई। बाद में एनएसएसओ की रिपोर्ट ने बताया कि 2012 में 2% के आसपास रही बेरोजगारी 2018 तक बढ़कर 6% से अधिक हो गई जो दशकों में सबसे ज्यादा थी। पहली बार भारत की कार्यशील जनसंख्या का आधे से अधिक हिस्सा काम से बाहर था। राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के दो सदस्यों ने विरोध में इस्तीफा दे दिया, यह कहते हुए कि सरकार ने डेटा को दबाया। जब डेटा गायब होता है, जवाबदेही भी खत्म होती है. एक युवा देश, जो जनसांख्यिकीय लाभांश के सपने देख रहा था, उसे बिना डेटा, दिशा या अवसर के सिर्फ 'इंतज़ार' का वादा मिला। लेकिन यह इंतज़ार तटस्थ नहीं है। एक पूरी पीढ़ी, जो काम करने और आगे बढ़ने को तैयार थी, उसे जब बार-बार "रुको" कहा जाता है. तो वही पल होता है जब ऊर्जा खत्म होती है और मोहभंग शुरू होता है। (मोहम्मद ज़ियाउल्लाह ख़ान नागपुर स्थित स्वतंत्र कंटेंट राइटर और संपादक हैं। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता और डिजिटल एक्टिविस्ट ग्रुप 'ट्रुथस्केप' के सह-संस्थापक भी हैं, जो सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार के ख़िलाफ़ काम करता है।)



'इबादत नहीं, व्यवहार से चलता है इस्लाम पर अमल का पता'

शुक्रवार स्पेशल

# व्यवहार है इस्लाम का वास्तविक चेहरा

इंजीनियर साजिद शेख़, डाइरेक्टर, एम्पेरर कंस्ट्रक्शन, नागपूर



हम अक्सर देखते हैं कि लोग किसी व्यक्ति के धार्मिक होने का अनुमान उसकी इबादत, जैसे नमाज़, रोज़ा, या हज के माध्यम से लगाते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि ये इस्लाम के पांच बुनियादी स्तंभ हैं और एक मुसलमान के लिए इनका पालन करना अनिवार्य है। लेकिन, इस्लाम धर्म की शिक्षा केवल अल्लाह की उपासना तक सीमित नहीं है। इबादत तो आत्मा को शुद्ध करने का साधन है, जिसकी परख व्यक्ति के व्यवहार (अख़लाक़) और लेन-देन में होती है। कुरान और हदीस इस बात पर ज़ोर देते हैं कि एक सच्चा मोमिन वही है जिसका चरित्र उत्तम हो और जिसके व्यवहार से किसी को कोई कष्ट न पहुचे। इबादत का उद्देश्य: व्यवहार में सुधार; इस्लाम में इबादत का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के आंतरिक और बाहरी जीवन में पवित्रता और सुधार लाना है। कुरान में अल्लाह फ़रमाता है कि नमाज़ मनुष्य को फहश (बुरे काम) और मुनकर (बुराई) से रोकती है (सूरह अल-अंकबूत, 29:45)। अगर कोई व्यक्ति पांचों वक्त की नमाज़ पढ़ता है, फिर भी झूठ बोलता है, धोखा देता है, या पड़ोसी को तकलीफ देता है, तो उसकी इबादत अधूरी मानी जाएगी। नमाज़ का प्रकाश उसके व्यवहार में दिखना चाहिए। इसी तरह रोज़े का मकसद केवल भूखा-प्यासा रहना नहीं, बल्कि मन को बुराई से दूर रखना और दूसरों का दर्द महसूस करना सिखाना है। इसलिए कहा जाता है कि इबादत एक प्रशिक्षण है, और व्यवहार उस प्रशिक्षण का परिणाम।

अख़लाक़: ईमान का मापदंड; पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने उत्तम व्यवहार को ईमान (विश्वास) का अभिन्न अंग बताया है। एक मशहूर हदीस में आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमाया: 'ईमान वालों में सबसे मुकम्मल (पूर्ण) ईमान वाला वह है जिसका अख़लाक़



(चरित्र) सबसे अच्छा हो।' (सुनन अत-तिर्मिज़ी)। यह स्पष्ट करता है कि इस्लाम में अच्छे अख़लाक़ की अहमियत कितनी ज़्यादा है। आपकी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) तालीम है कि किसी मुसलमान की पहचान उसकी मीठी ज़बान, विनम्रता, सच्चाई और न्याय के पालन से होती है, न कि केवल उसकी लंबी नमाज़ों से। यहा तक कि आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने पड़ोसियों के अधिकारों पर इतना ज़ोर दिया कि फ़रमाया, 'जिबरील (फ़रिश्ते) मुझे पड़ोसी के बारे में लगातार वसीयत करते रहे, यहा तक कि मुझे गुमान हुआ कि वह उन्हें विरासत में भी शामिल कर देंगे।' (सहीह अल-बुखारी)।

सामाजिक जीवन: अमल का मैदान: इस्लाम केवल निजी उपासना (हुक़ूक़ुल्लाह) का नाम नहीं है, बल्कि यह हुक़ूक़ुल इबाद (बन्दों के अधिकार) की भी विस्तृत संहिता है। किसी व्यक्ति का ईमान, उसके घर-परिवार, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और सामान्य लोगों के साथ किए गए व्यवहार से ज़ाहिर होता है। व्यापार में ईमानदारी, वादा निभाना, ग़रीबों की मदद करना, ग़ुस्से को पी जाना, और किसी के साथ न्याय करना, चाहे वह दुश्मन ही क्यों न हो-ये सब इस्लामी शिक्षाओं का केंद्रीय हिस्सा हैं। कुरान में बार-बार 'ईमान लाओ और नेक अमल करो' का आदेश दिया गया है। ये नेक अमल समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों को दर्शाते हैं। अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) का फ़रमान है: तुम में से बेहतर लोग वे हैं जो लोगों के लिए बेहतर हैं।' (सहीह इब्न हिब्बान)।

पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) का आदर्श: पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) का जीवन स्वयं उत्तम चरित्र का सबसे बड़ा उदाहरण था। जब हज़रत आयशा (रज़ियल्लाहु अन्हा) से उनके अख़लाक़ के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने फ़रमाया: 'उनका अख़लाक़ कुरान ही था।' (सहीह मुस्लिम)। इसका मतलब है कि पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) कुरान की शिक्षाओं को अपने व्यवहार में उतारते थे। मक्का के लोग, जिन्होंने आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को तकलीफें दीं, वे भी आपको 'अमीन' (ईमानदार) और 'सादिक़' (सच्चा) कहते थे। यह उनका अतुलनीय व्यवहार ही था जिसने लोगों के दिलों को जीता और इस्लाम की तरफ आकर्षित किया। इबादत उनकी निजी थी, लेकिन उनका व्यवहार सबके लिए खुला आदर्श था। निष्कर्ष: संपूर्ण जीवन एक इबादतअत:, यह बात साफ़ है कि एक मुसलमान की इबादत तब तक पूर्ण नहीं होती जब तक कि उसका व्यवहार अच्छा न हो जाए। इस्लाम एक जीवन शैली है, जो व्यक्ति को संपूर्ण जीवन को इबादत बनाने की शिक्षा देता है। बाजार में ईमानदारी से कमाया गया पैसा, किसी दुखी को दिया गया सहारा, किसी निर्बल के प्रति नरमी, और माता-पिता की सेवा-ये सब उस नमाज़ की तरह ही महत्वपूर्ण हैं। हमारे दैनिक जीवन के हर पहलू में ईमानदारी, करुणा और न्याय का प्रदर्शन ही वास्तव में यह दिखाता है कि हम इस्लाम के मार्ग पर कितना अमल कर रहे हैं। उत्तम व्यवहार ही इस्लाम का सर्वोत्तम प्रचारक है।

## आलेख

(विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विशेष)

डॉ. प्रितम गेडाम

# मानसिक खेलों का खतरनाक रूप: मानसिक यातना



मनोविज्ञान हमारे विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को समझने में मदद करता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्ति अपनी कमजोरियों को पहचान कर उन्हें सुधार सकता है। वहीं दूसरी ओर, कुछ लोग अपने फायदे के लिए इन भावनाओं के साथ खेलते हैं. जिसे दिमागी खेल या मानसिक खेल कहा जाता है। यह व्यवहार धीरे-धीरे मानसिक यातना का रूप ले सकता है। दिमागी खेल आमतौर पर दूसरे व्यक्ति की भावनाओं और कार्यों को प्रभावित करने या नियंत्रित करने के लिए खेले जाते हैं। लोग इन्हें रिश्तों में हावी होने, ध्यान आकर्षित करने, या अपनी असुरक्षाओं को छुपाने के लिए अपनाते हैं। कार्यस्थल पर भी ये खेल गुप्त एजेंडा, हेरफेर और शक्ति के दुरुपयोग के रूप में देखे जाते हैं।

ऐसे व्यवहार करने वाले लोगों को अक्सर मैनिपुलेटर या नार्सिसिस्ट कहा जाता है। ये लोग अपने फायदे के लिए दूसरों को भ्रमित करते हैं, अपराधबोध देते हैं या भावनात्मक रूप से निर्भर बना लेते हैं। लगातार इस तरह के व्यवहार का शिकार होने से व्यक्ति मानसिक रूप से टूट सकता है। 2025 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम.

'सेवाओं तक पहुच: आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य' इस बात को उजागर करती है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीरता कितनी ज़रूरी है। हमारे देश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है, और आज भी लोग मानसिक समस्याओं को स्वीकार करने से कतराते हैं।महिलाएं भी कभी-कभी असुरक्षा, नियंत्रण की चाह या पुराने आघातों के कारण मानसिक खेल खेल सकती हैं। प्रेम और आकर्षण में अंतर को न समझना भी इन खेलों का कारण बनता है। ऐसी परिस्थितियों में भावनाओं में बहकर निर्णय लेना खतरनाक हो सकता है। उदाहरण के तौर पर: एक पुरुष मित्र, जो संवेदनशील और जिम्मेदार है, यदि किसी ऐसी महिला मित्र के संपर्क में हो जो उसे नज़रअंदाज़ कर दूसरों का ध्यान आकर्षित करना चाहती हो, तो वह भावनात्मक रूप से शोषित हो सकता है। ऐसी स्थिति में दूरी बनाना ही समझदारी है।

मन की देखभाल करें, जैसे हम शरीर की करते हैं, रोज़ कुछ समय खुद के लिए निकालें संतुलित जीवनशैली अपनाएं व्यायाम, नींद और पोषण का ध्यान रखें भरोसेमंद रिश्तों को प्राथमिकता दें उम्मीदें सीमित रखें, पर भावनात्मक जुड़ाव मजबूत बनाए अचानक व्यवहार बदलना गैसलाइटिंग या अपराधबोध दिलाना बार-बार चुप रहकर ध्यान आकर्षित करना भावनाओं से खेलना या सच्चाई छुपाना.आज की दुनिया में भावनाओं से खेलना आम होता जा रहा है। हमें सजग रहने की ज़रूरत है. ताकि हम मानसिक रूप से मज़बूत बन सकें, और दूसरों के दिमागी खेलों का शिकार न हों। भावनाओं में सच्चाई, रिश्तों में पारदर्शिता और जीवन में संतुलन ही मानसिक स्वास्थ्य की कुंजी है।

## वास्तुशास्त्र

# न करें वास्तु से जुड़ी ये गलतियां, आ जाती है कंगाली!

व्यक्ति के जीवन में वास्तु शास्त्र बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. वास्तु शास्त्र में बहुत से ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिनको करने से जीवन में खुशहाली आती है. वहीं वास्तु शास्त्र में बहुत से ऐसे भी नियम बताए गए हैं, जिनका ध्यान रखना चाहिए. अगर ऐसा नहीं किया जाता तो वास्तु दोष लग जाता है. वास्तु दोष के कारण घर में पैसा नहीं टिकता. कंगाली आ जाती है, तो आइए जानते हैं वास्तु के उन नियमों के बारे में जिनका ध्यान हर हाल में रखना चाहिए. घर को हमेशा साफ रखें, क्योंकि गंदगी वाले स्थान पर माता लक्ष्मी कभी वास नहीं करती. जिन घरों में गंदगी होती है, वहां आर्थिक हानि की संभावना रहती है. ऐसे में घर को हमेशा साफ रखना चाहिए. घर में कबाड़ इकठ्ठा नहीं रखना चाहिए. वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि जिस स्थान पर धन रखना हो उसे हमेशा साफ रखना चाहिए. इसके अलावा पैसों से जुड़े बिल और बेकार के कागज नहीं रखने चाहिए. वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में अगर नल से पानी टपकता है, तो ये धन हानि की बड़ी वजह बन सकती है. ऐसे में घर का नल तुरंत सही कराना चाहिए, क्योंकि नल से पानी टपकने से वास्तु दोष लगता है और कंगाली आती है.मान्यताओं के अनुसार, झाड़ू को धार्मिक मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है. ऐसे में घर में झाड़ू ऐसी जगह पर नहीं रखना चाहिए, जहां उस पर पैर लगे. शाम होने के बाद झाड़ू कभी नहीं लगाना चाहिए.

## व्यंग्य

हनुमान मुक्त

# जातीय गंध



मैं शुरू से ही कबीर जी का प्रशंसक रहा हूं ।उनके इस ज्ञान की बदौलत ही मैंने कभी किसी साधु की जाति पर ध्यान नहीं दिया और ना ही तलवार की म्यान पर। मेरी निगाह हमेशा मछली की आंख पर ही रही। आस-पास क्या हो रहा है,मैंने उसे जानने का प्रयास तक नहीं किया। अब तक मैं सोचता था कि सभी मनुष्य समान है।

सभी ईश्वर की संतान है ।किसी में किसी प्रकार का कोई भेद नहीं है लेकिन भारतीय लोकतंत्र की संजीवनी चुनावों ने मेरे इस अल्प ज्ञान की सारी कलई खोल दी। अब मैं समझने लगा हूं कि सभी मनुष्य समान नहीं है ।सभी के ईश्वर भी समान नहीं है । सभी अलग-अलग ईश्वर की संतान हैं। इसी कारण सभी में आपस में किसी न किसी प्रकार का कोई भेद अवश्य है । प्रत्येक मनुष्य का जन्म किसी जाति विशेष में होता है। उसके जन्म लेते ही उससे उस जाति विशेष की विशेष प्रकार की गंध निकलनी शुरू हो जाती है ।उसकी गंध सूंघते ही उसकी जाति के लोग उसके इर्द-गिर्द मंडराना शुरू कर देते हैं ।उस गंध विशेष के लोगों को अपनी गंध में ही सर्वाधिक मिठास मिलती है। वे सिर्फ अपनी गंध को ही चाहते हैं। उसे पहचानते हैं ।उसे ही अपना लीडर बनाना चाहते हैं। चुनावों के मौसम में मनुष्य जाति की इस घ्राणशक्ति को पहचान कर ही राजनीति के धुरंधरों ने जितने भी साधु महात्मा अपनी जाति छिपाकर इधर उधर घूम कर अलग अलग प्रकार की गंध फैला रहे थे।

उनको कैप्चर करना शुरू कर दिया। बिना किसी गंध के, लेवल के, गंध फैला कर वे लोगों को भ्रमित कर रहे थे। अलग-अलग गंध वाले लोग अलग-अलग गंध का आस्वादन कर रहे थे। हर कोई उसे अपनी गंध वाला मानकर अपना मान रहा था। वे लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे थे। जबकि वास्तविकता यह थी कि उनके द्वारा जातीय लेवल नहीं लगा होने के कारण वे गंध हीन थे जो भी उनके पास बैठता। उसे अपनी ही गंध का एहसास होता।

## लोककथा

उमेश चमोला

# सियार राजा

एक बड़ा सुन्दर जंगल था। जंगल में एक स्थान पर रिस-रिस कर पानी जमा होता था। जंगल के सभी जानवर वहा आकर पानी पीते थे। उसी जंगल में एक सियार भी रहता था। उसकी शैतानियों से छोटे-बड़े सभी जानवर परेशान थे। उस सियार ने पानी जमा होने वाले स्थान पर खुदाई कर एक बावली बना दी। अब उस बावली में बहुत सारा पानी जमा हो गया। बावली के किनारे सियार ने पत्थरों से चिनाई कर एक बडा आसन बना दिया वह उस आसन पर बैठ गया। पानी पीने के लिए आने वाले जानवरों को सियार ने बताया- 'आप इस बावली का पानी पी सकते हो किन्तु आपको पानी पीने से पहले मुझे नमस्कार करते हुए 'सियार राजा की जय' कहना होगा।




मेरी प्रशंसा में और कुछ भी कहना चाहो तो कह सकते हो।' उस बावली में छोटा, बडा कोई भी जानवर आता उसे पानी पीने से पहले सियार की प्रशंसा करनी पड़ती थी। उसने बावली के चारों ओर गन्दगी फैलाना शुरू कर दिया था। जो जानवर पानी पीने से पहले सियार को नमस्कार नहीं करता सियार अपने आसन से उस पर पत्थर फेंकता था।एक दिन एक दुबला पतला बैल उस बावली में पानी पीने आया। उसने पानी पीने से पहले सियार की प्रशंसा नहीं की सियार को गुस्सा आया वह अपने आसन से उस बैल पर पत्थर फेंकने ही वाला था कि बैल ने सियार को संकेत कर दिया कि वह बिना पानी पिये बोल नहीं सकता। वह पानी पीने लगा पानी पीने के बाद वह सियार से बोला -'आपकी इस बावली में बडे-छोटे सभी जानवर पानी पीने आते हैं। हम आपके सात जन्मों तक ऋण नहीं चुका सकते हैं। आप राजा हैं। आपको इस वीरान जंगल में नहीं होना चाहिए। 'आपका तो हीरे जेवरातों का सिंहासन होना चाहिए।'

## आस्था

# करवाचौथ पर चंद्रमा को अर्घ्य देने की सही विधि



सुहागिन महिलाओं के लिए करवा चौथ का विशेष महत्व है. इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं. महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और खुशहाल जीवन के लिए ये व्रत रखती हैं. इस दिन महिलाएं शिव और माता पार्वती से प्रार्थना कर उनकी विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं. फिर चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोलती हैं.करवा चौथ का व्रत हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है. इस साल करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर यानी आज रखा जाएगा. मान्यता है कि जो महिला करवा चौथ का व्रत रखती है वो अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद पाती है. वास्तु शास्त्र के अनुसार, करवा चौथ की पूजा भूलकर भी दक्षिण दिशा की तरफ मुख करके नहीं करनी चाहिए. कहते हैं दक्षिण दिशा की ओर मुख करके की जाने वाली करवा चौथ की पूजा कभी स्वीकार नहीं की जाती है. करवा चौथ की पूजा करते समय हमेशा मुख को उत्तर दिशा की ओर रखना चाहिए. उत्तर दिशा की ओर मुख करके पूजा करने से पूजा फलित होती है. करवा चौथ की व्रत कथा सुनते समय भी दिशा का विशेष ध्यान रखना चाहिए. करवा चौथ की व्रत कथा हमेशा पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुख करके ही सुननी चाहिए.


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्थित योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।






डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक: फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया। संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी।)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 10 अक्तूबर 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## नगराध्यक्ष पद जनरल महिलाओं के लिए आरक्षित

### 13 वार्डों में विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व

**गढ़चिरोली.**

दीवाली के बाद प्रस्तावित गढ़चिरोली नगर परिषद चुनाव के लिए आज वार्डवार आरक्षण के साथ प्रत्येक वार्ड की भौगोलिक सीमा, जनसंख्या और सामाजिक संरचना की घोषणा की गई।

नगर परिषद के प्रशासक रणजीत कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई लॉटरी प्रक्रिया में यह परिणाम तय किया गया।

इस अवसर पर मुख्याधिकारी सूर्यकांत पिदुरकर, अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

दो दिन पहले घोषित आरक्षण के अनुसार नगराध्यक्ष पद जनरल महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। इस निर्णय के बाद शहर के राजनीतिक माहौल में उत्साह और हलचल देखी जा रही है।

**वार्ड की जनसंख्या, भौगोलिक सीमा और आरक्षण :**

**वार्ड क्र. 1 –** महात्मा ज्योतिबा फुले (जनसंख्या: 4,220)
अनु.जा. 948 | अनु.ज. 350
**क्षेत्र :** शिवाणी पेट्रोल पंप परिसर, श्री मंगल कार्यालय, राममंदिर परिसर, गांधी वार्ड, आशीर्वाद मंगल कार्यालय परिसर।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जाति महिला, (ब) सामान्य

**वार्ड क्र. 2 –** लांझेडा (जनसंख्या: 3,952)
अनु.जा. 429 | अनु.ज. 648
**क्षेत्र :** लांझेडा परिसर, नगर परिषद कार्यालय परिसर, चिचाला तालाब परिसर।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जनजाति, (ब) सामान्य महिला

**वार्ड क्र. 3 –** स्नेहनगर (जनसंख्या: 4,044)
अनु.जा. 559 | अनु.ज. 469
**क्षेत्र :** इंदिरानगर, स्नेहनगर, शिवाजी कला महाविद्यालय परिसर।
आरक्षण : (अ) सामान्य, (ब) सामान्य महिला

**वार्ड क्र. 4 –** रामनगर (जनसंख्या: 4,201)
अनु.जा. 764 | अनु.ज. 176
**क्षेत्र :** रामनगर परिसर।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जनजाति महिला, (ब) सामान्य

**वार्ड क्र. 5 –** छत्रपति शाहू नगर (जनसंख्या: 4,040)
अनु.जा. 960 | अनु.ज. 502
**क्षेत्र :** रेडी गोदाम चौक, कन्नमवार नगर, विवेकानंद नगर, शाहू नगर।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जाति महिला, (ब) सामान्य

**वार्ड क्र. 6 –** कैंप एरिया (जनसंख्या: 4,080)
अनु.जा. 489 | अनु.ज. 519
**क्षेत्र :** कैंप एरिया परिसर।
**आरक्षण :** (अ) सामान्य, (ब) सामान्य महिला

**वार्ड क्र. 7 –** गणेश नगर (जनसंख्या: 3,847)
अनु.जा. 726 | अनु.ज. 451
**क्षेत्र :** पुलिस स्टेशन के पीछे का भाग, रामपुरी स्कूल परिसर, डॉ. कुंभारे हॉस्पिटल और गणेश मंदिर परिसर।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जाति, (ब) सामान्य महिला

**वार्ड क्र. 8 –** महात्मा गांधी (जनसंख्या: 3,745)
अनु.जा. 182 | अनु.ज. 300
**क्षेत्र :** ठीवर मोहल्ला, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, केदारवाड़ा व राममंदिर परिसर।
**आरक्षण :** (अ) सामान्य महिला, (ब) सामान्य

**वार्ड क्र. 9 –** हनुमान नगर (जनसंख्या: 3,824)
अनु.जा. 47 | अनु.ज. 230
**क्षेत्र :** हनुमान वार्ड परिसर।
**आरक्षण :** (अ) सामान्य, (ब) सामान्य महिला

**वार्ड क्र. 10 –** विसापुर (जनसंख्या: 4,060)
अनु.जा. 434 | अनु.ज. 1,115
**क्षेत्र :** पुलिस कॉलोनी परिसर, विसापुर, एल.आई.सी. कॉलोनी क्षेत्र।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जनजाति, (ब) सामान्य महिला

**वार्ड क्र. 11 –** सोनापुर (जनसंख्या: 3,864)
अनु.जा. 732 | अनु.ज. 848
**क्षेत्र :** सोनापुर कॉम्प्लेक्स परिसर।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जनजाति महिला, (ब) सामान्य

**वार्ड क्र. 12 –** झांसी रानी नगर (जनसंख्या: 4,069)
अनु.जा. 739 | अनु.ज. 561
**क्षेत्र :** कारगिल चौक, चनकाई नगर, शिक्षक कॉलोनी, जिला सामान्य अस्पताल परिसर।
**आरक्षण :** (अ) सामान्य महिला, (ब) सामान्य

वार्ड क्र. 13 – गोकुलनगर (जनसंख्या: 5,206)
अनु.जा. 1,827 | अनु.ज. 969
**क्षेत्र :** गोकुलनगर परिसर।
**आरक्षण :** (अ) अनुसूचित जाति, (ब) सामान्य महिला, (क) सामान्य महिला

इस नई आरक्षण और वार्ड संरचना के बाद गडचिरोली शहर की चुनावी समीकरणों में बदलाव की चर्चा राजनीतिक हलकों में तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा महिला उम्मीदवारों पर विशेष ध्यान देने की संभावना जताई जा रही है।

## गढ़चिरोली के ग्रामीण युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण

### ऑन-जॉब ट्रेनिंग और रोजगार अवसर की दिशा में पहल

**गढ़चिरोली.**

भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मुंबई से वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिंद्रा ट्रैक्टर्स स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। यह ऐतिहासिक पहल ग्रामीण युवाओं को उद्योग से जुड़ी आधुनिक कौशल सिखाकर उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

भारत के नंबर 1 ट्रैक्टर ब्रांड, महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने यह स्किल डेवलपमेंट सेंटर, गढ़चिरोली के सरकारी आईटीआई कॉलेज में, वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग विभाग और महाराष्ट्र स्टेट स्किल डेवलपमेंट सोसायटी के सहयोग से स्थापित किया है, ताकि ग्रामीण कौशल विकास और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिल सके।

यह पहल यह पहल देश की प्राथमिकता कौशल विकास के अनुरूप है, ताकि भारत की युवा आबादी की क्षमता का पूरा उपयोग किया जा सके। नया केंद्र गढ़चिरोली के युवाओं को उद्योग-उन्मुख कौशल सिखाने के साथ-साथ स्थानीय आजीविका को भी मजबूत करेगा।

गढ़चिरोली स्थित इस ट्रैक्टर स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से महिंद्रा अपने ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी क्षेत्र के उत्कृष्ट अनुभव और गुणवत्ता के प्रति समर्पण को साझा करेगा। यह प्रशिक्षण एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम के



तहत संचालित होगा, जिसमें श्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीकी उपकरणों और ट्रैक्टर से जुड़ी विभिन्न व्यावहारिक कौशलों का प्रत्यक्ष अनुभव दिया जाएगा। यह केंद्र युवाओं के लिए कई करियर अवसर खोलेगा जैसे विनिर्माण संयंत्रों में असेंबली भूमिकाएं, और डीलरशिप केंद्रों पर बिक्री व सेवा संबंधी पद। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट बिजनेस के प्रेसिडेंट श्री विजय नाकरा ने कहा, 'हमारे लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़चिरोली में महिंद्रा ट्रैक्टर स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। महाराष्ट्र न केवल एक अग्रणी औद्योगिक राज्य है, बल्कि कृषि क्षेत्र की प्रगति में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, जहां ग्रामीण समुदाय कौशल के माध्यम से सशक्त हों और नई उम्मीदों की फसल उगाएं'।

## भाजपा पदाधिकारियों ने की व्यायामशाला में उपकरण उपलब्ध कराने की मांग

**देसाईगंज (ता. वडसा) :** नगर परिषद सीमा में आने वाले नैनपुर वार्ड स्थित व्यायामशाला में अभी तक कोई भी व्यायाम सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है, जबकि इस भवन का निर्माण पूरे दो वर्ष पहले ही पूरा हो चुका है। इस विषय पर भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष सचिन खरकाटे, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष कपिल बोरकर व अन्य पदाधिकारियों ने 19 अगस्त 2025 को नगर परिषद देसाईगंज को एक निवेदन (प्रस्ताव) सौंपा था,

**निवेदन में कहा गया था :** कि इमारत तैयार होने के बावजूद उसमें किसी भी प्रकार का व्यायाम साहित्य या उपकरण उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण स्थानीय युवाओं को व्यायाम की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

भाजपा पदाधिकारियों ने मांग की थी कि युवाओं के हित में आवश्यक उपकरण, वजन प्रशिक्षण सामग्री और अन्य व्यायाम साधन तात्कालिक रूप से उपलब्ध कराए जाएं।

## नेरी गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथसंचलन

> एकता और अनुशासन का प्रदर्शन

**चिमूर, शुभम बारसागडे**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा नेरी गाँव में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ एक भव्य पथसंचलन का आयोजन किया गया। गाँव के मुख्य मार्गों से होकर गुज़रे इस आयोजन में युवा से लेकर बुजुर्ग तक, बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पथसंचलन की शुरुआत 6 अक्टुबर को शाम ठीक 6 बजे गाँव के स्थानीय बाजार चौक मैदान से हुई। पूर्ण गणवेश (सफ़ेद कमीज़, खाकी पैंट, काली टोपी) में स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाते हुए, घोष (बैंड) की धुन पर मार्च किया। स्वयंसेवकों के हाथों में दंड थे, जो उनके शारीरिक और मानसिक अनुशासन का प्रतीक थे। पथसंचलन का मार्ग गाँव के मुख्य बाज़ार चौक और आवासीय क्षेत्रों से होकर गुज़रा। इस दौरान, स्थानीय नागरिकों ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और उनके अनुशासन की सराहना की।



**राष्ट्रभक्ति का संदेश:** संघ के पदाधिकारी, साकेत भानारकर सामाजिक कार्यकर्ता ब्रम्हपुरी, ने बताया कि पथसंचलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सामूहिकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्वयंसेवकों को समाज के लिए कार्य करने और राष्ट्रीय मूल्यों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित करता है।

पथसंचलन का समापन वापस स्थानीय मैदान में हुआ, जहाँ एक संक्षिप्त बौद्धिक (सभा) का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका और सामाजिक समरसता के महत्व पर ज़ोर दिया। यह पथसंचलन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

इस समय नेरी व्यापारी असोसिएशन के सदस्य दिलीप फाये, नेरी मंडल कार्यवाहक सूरज गभने तथा बडी संख्या मे स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले वकील के कृत्य की गढ़चिरोली में निंदा

**गढ़चिरोली.**

नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान वकील राकेश किशोर ने भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई की ओर जूता फेंककर कायरतापूर्ण हमला किया। इस निंदनीय घटना की गडचिरोली समेत अहेरी में भी तीव्र निंदा की गई है।



यह घटना लोकतंत्र और संविधान का अपमान करने वाली है। ऐसे कृत्य के दोषी वकील को तत्काल गिरफ्तार कर निलंबित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों — ऐसी मांग अधिवक्ता संघ की ओर से की गई है। इस संदर्भ में जिला अधिवक्ता संघ ने जिला व सत्र न्यायाधीश तथा जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन देते समय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड. किशोर आखाडे, सचिव एड. प्रमोद ब्राह्मणवाडे, एड. कविता मोहरकर समेत बड़ी संख्या में वकील उपस्थित थे।

**"कड़ी सजा दी जाए" - एड. किशोर आखाडे**

मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर सोमवार (दिनांक 6) को वकील राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की घटना अत्यंत निंदनीय है। ऐसे जातिवादी और समाजविरोधी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाए — ऐसी मांग वकील संघ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की है।

देश में लोकतंत्र और सर्वधर्म समभाव की परंपरा होते हुए भी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर हमला होना बेहद निंदनीय और आक्रोशजनक है। इस घटना के बाद भी मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने संयम बनाए रखा, लेकिन उनकी भावनाएँ आहत हुई हैं। इसलिए समाजविरोधी वकील राकेश किशोर को कठोर सजा देकर उसका वकालत का लाइसेंस रद्द किया जाए, ऐसी मांग अधिवक्ता संघ ने की है। यह मांग अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड. किशोर आखाडे, सचिव एड. प्रमोद ब्राह्मणवाडे, एड. कविता मोहरकर, एड. विलास न्यालेवार, एड. संजय देशमुख, एड.संजय ठाकरे, एड. दीपक उंदीरवाडे, एड. फाल्गुन सहारे, एड. नरेंद्र बावणे, एड. सोनाली मेश्राम, एड. स्नेहा मेश्राम, एड. पल्लवी केदार, एड. योगिता धात्रक, एड.मीनार खोबरागड़े, एड. करिश्मा भैसारे, एड. नीलिमा जुमनाके, एड. पायल धाईत, एड. सुजाता गेडाम, एड. अपर्णा हेडो समेत सैकड़ों वकीलों ने की है।

## अखिल भारतीय रोजगार गारंटी मजदूर वेलफेयर संगठन के गडचिरोली जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति

**आरमोरी,**



अखिल भारतीय रोजगार गारंटी मजदूर वेलफेयर संगठन — यह भारत के असंगठित रोजगार गारंटी मजदूरों का एकमात्र पंजीकृत संगठन है (पंजी. क्र. 5905/2024, ट्रेड यूनियन एक्ट 1926 के अंतर्गत)। इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अरुणजी गजभिये ने असंगठित मजदूरों के अधिकारों और उनके उज्जवल भविष्य के लिए इस संगठन की स्थापना की है।

गडचिरोली जिले में संगठन के कार्य को और मजबूत करने के उद्देश्य से नारायण बाबूराव धकाते को गडचिरोली जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति का श्रेय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण गजभिये तथा महाराष्ट्र कार्यकारिणी को दिया गया।

इस अवसर पर हरीश मने, राकेश बेलसरे, राकेश बैस, संजय कुंठे सर, मंगालसिंह मेश्राम, दीपक बारसागड़े, नितिन मानापूरे, ज्ञानेश्वर कवासे, नंदु खानदेशकर, रघुनंदन जाळी, राजेंद्र दिवटे, अश्विन तितिरमारे, कमलेश धकाते, नरुभाऊ वझाडे, संजय मानकर, संजय बोरुळे, नंदकिशोर मने और अविनाश वरगंटीवार ने श्री धकाते को हार्दिक बधाई दी।

## देसाईगंज शहर में चुनावी सरगर्मी तेज

### जनता ने ठानी, अबकी बार वही जो हो जनता के साथ!

**देसाईगंज.**

नगर परिषद चुनाव की घोषणा के साथ ही देसाईगंज शहर में चुनावी माहौल गर्म हो गया है। शहर में इन दिनों हर गल्ली, हर चौक पर सिर्फ चुनाव की ही चर्चा है। हालकी अभि चुनावी तारिको का एलान बाकी है, मगर प्रभाग का आरक्षण निकल ने से सब नेता अपने अपने एरिया के हिसाब से जनता को मिठी गोली देने कि तयारी मे लगे हुए है,

कुछ नेता तो शहर मे ऐसे भी है जो सिर्फ व्हाट्स और फोटो बाजी पर ही प्रचार करते है, पिछले 5 सालों से गायब रहने वाले कुछ नेता अब अचानक जनता की याद करने लगे हैं।

शहर की गलियों में घूमते हुए वही लोग अब जनता की परेशानी पूछते दिख रहे हैं, जो नेता सालों से सोए हुए थे वो अचानक निंद से जाग चुके है, जनता को मिठी गोली देने गल्ली मौल्ले चौक पर नजर आरहे है, अब जबकि नगर परिषद के चुनाव सामने हैं, तो वही पुराने चेहरे फिर से जनता के सामने "सेवा" के नाम पर वोट मांगने निकल पड़े हैं। लेकिन इस बार जनता भी पूरी तरह होशियार और जागरूक है।

जनता अब यह अच्छे से समझ चुकी है कि विकास की बातें सिर्फ चुनावी मौसम में नहीं, बल्कि पूरे कार्यकाल में होनी चाहिए।

**इसलिए इस बार जनता तय कर चुकी है**

**"वोट उसी को देंगे, जो रहेगा जनता के साथ, जनता के बीच!" :** देसाईगंज के नागरिक अब ऐसे उम्मीदवारों को नहीं चाहते जो सिर्फ चुनाव के वक्त नज़र आएं। शहर की जनता अपने अधिकारों के लिए जागरूक है और अबकी बार ईमानदार, सक्रिय और जनसेवक उम्मीदवार ही जनता की पहली पसंद बनेगा।

## बल्लारपुर और चंद्रपुर के मुद्दों को प्राथमिकता देने का रेल मंत्री का वादा

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की. बल्लारपुर और चंद्रपुर जिलों में विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में ज्ञापन दिया गया

सांसद अश्विनी वैष्णव ने बल्लारपुर और चंद्रपुर के मुद्दों को प्राथमिकता देने का वादा किया पूर्व वन, सांस्कृतिक एवं मत्स्य पालन राज्य मंत्री एवं विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और चंद्रपुर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में एक ज्ञापन दिया। इसमें बल्लारपुर सहित पूरे चंद्रपुर जिले की प्रमुख समस्याओं के बारे में जानकारी उजागर की. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चंद्रपुर की समस्याओं को प्राथमिकता देने और उनका शीघ्र समाधान करने का वादा किया।

चंद्रपुर जिले के बल्लारपुर शहर में, आवासीय क्षेत्र में स्थित गोल पुलिया नागरिकों के दैनिक आवागमन का मुख्य मार्ग है। वर्तमान में रेलवे की तीसरी और चौथी लाइन के काम के कारण यातायात बाधित हुआ है। इससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। ऐसी स्थिति में, गोल पुलिया के पास रेलवे लाइन पर एक फ्लाईओवर बनाने की आवश्यकता है। यह मामला रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के ध्यान में एक बयान के माध्यम से लाया गया था।

बल्लारशा रेलवे स्टेशन के समग्र विकास के



संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। मुनगंटीवार ने विस्तृत चर्चा के बाद, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से स्टेशन पर सुविधाओं, यात्रियों की आवश्यकताओं और आवश्यक सुधारों को ध्यान में रखते हुए एक बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया।

चंद्रपुर शहर के रेलवे स्टेशन यार्ड, सावरकर नगर, रैयतवाड़ी और लखमापुर क्षेत्रों में नई रेलवे लाइन के निर्माण के कारण पिछले 25 वर्षों से वहां रह रहे मजदूर परिवारों को विस्थापित होने का नोटिस दिया गया है। इससे उनके आवास की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए, इन परिवारों का तुरंत पुनर्वास किया जाना आवश्यक है। यह मामला विधायक मुनगंटीवार द्वारा रेल मंत्री के ध्यान में लाया गया। बल्लारपुर स्थित मध्य रेलवे की भूमि पर पिछले 40-45 वर्षों से विभिन्न व्यापारी व्यवसाय कर रहे हैं। यह भूमि रेलवे द्वारा पट्टे पर दी गई है। रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के दिनांक 26-07-2004 के पत्र के अनुसार, ऐसे मामलों में, मूल लाइसेंसधारियों के स्थान पर वर्तमान में व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों के साथ अपवाद स्वरूप नया समझौता करने की अनुमति दी गई है। तदनुसार, रेलवे प्रशासन, नागपुर मंडल ने 2011 में सर्वेक्षण किया था और 9 व्यापारियों के साथ नए समझौते करने को मंजूरी दी थी। हालाँकि, आज तक संबंधित व्यापारियों को नए समझौते नहीं दिए गए हैं। कुछ व्यापारियों ने इस संबंध में नागपुर उच्च न्यायालय में रिट याचिकाएँ दायर की हैं और न्यायालय ने रेलवे को इस संबंध में कारण स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। इसलिए, बल्लारपुर शहर में रेलवे की भूमि पर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों के साथ एक नया भूमि समझौता करने के लिए तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि यह लंबे समय से लंबित मुद्दा हल हो सके और स्थानीय व्यापारियों को न्याय मिले, विधायक मुनगंटीवार ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध किया।

रेल मंत्री ने सभी मुद्दों पर अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विधायक मुनगंटीवार ने विश्वास व्यक्त किया कि बल्लारपुर और चंद्रपुर के लोगों की अपेक्षाओं और विकास के एजेंडे को केंद्र सरकार तक पहुँचाने का यह प्रयास निश्चित रूप से फलदायी होगा।




CMYK



# फ्लॉप रही वरुण धवन की फिल्म

वरुण धवन और जान्हवी कपूर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. शुरुआती दिनों में फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला, लेकिन कांतारा चैप्टर 1 की आंधी के आगे इसे घुटने टेकने पड़े. फिल्म को इससे काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है.

आइए जानते हैं कि फिल्म ने रिलीज के सातवें दिन यानी बीते बुधवार को इस फिल्म ने कितनी कमाई की है.2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ने ओपनिंग अच्छी-खासी की थी. रिलीज के पहले दिन फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपये कमाए थे. वहीं दूसरे दिन 5.5 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 7.5 करोड़ रुपये, चौथे दिन 7.75 करोड़ रुपये, पांचवें दिन 3 करोड़ रुपये और छठे दिन 3 करोड़ रुपए की कमाई की है. इन 6 दिनों में फिल्म की कमाई बुरी तरह गिर गई. इस फिल्म ने रिलीज के सातवें दिन 0.89 करोड़ की कमाई की है. ऐसे में फिल्म का अबतक का टोटल कलेक्शन 37.39 करोड़ हो गया है. ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म कांतारा चैप्टर 1 की वजह से 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर मिल रही है. इस फिल्म को हिंदी भाषा में भी बहुत बड़े पैमाने पर रिलीज किया गया है और जगह इसी फिल्म की चर्चा हो रही है. सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की बात करें तो यह एक कमाल की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें वरुण धवन, जान्हवी कपूर, रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा, मनीष पॉल और अक्षय ओबेरॉय आपको गुदगुदाते नजर आते हैं.

# राघव जुयाल के हाथ लगी बड़ी फिल्म?

एक डांस शो में बतौर डांसर एंट्री लेने वाले राघव जुयाल के सितारे बुलंदियों पर है. इस वक्त वो हर किसी के फेवरेट बनकर बैठे हैं. सबसे खास बात है उनकी एक्टिंग और कॉमिक टाइमिंग. जिनसे हर किसी को इम्प्रेस करने में कामयाब रहे हैं. डांसिंग में पहचान हासिल करके बाद में डांस शो में एंकरिंग भी की. पर हाल ही में खुद कहा कि- दूसरे एक्टर्स को देखकर लगता था यह कर सकते हैं, तो मैं क्यों नहीं. जिसका नतीजा यह हुआ कि आर्यन खान की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से एक्टर ने धमाल ही मचा दिया. हर तरफ उनके ही रील वायरल हैं. अब जानकारी मिली कि उन्हें एक रोमांटिक थ्रिलर मिल गई है.दरअसल राघव जुयाल को असली पहचान 'किल' से मिली. जिस फिल्म में उनके साथ लक्ष्य लालवानी ही थे. वहीं राघव जुयाल ने नेगेटिव रोल किया था. एक साउथ की फिल्म में भी काम कर रहे हैं, जो है पैराडाइज. साथ ही एक्टर शाहरुख खान की 'किंग' का भी हिस्सा हैं. पर इन सबसे अलग अब नई फिल्म मिलने की खबर है. जिसमें उनके साथ एक स्टार किड नजर आने वाली हैं. खुद एक्टर्स ने इस बात का हिंट दिया है.आर्यन खान की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए राघव जुयाल को काफी तारीफ मिली है. इसी बीच राघव जुयाल ने सई मांजरेकर के इंस्टाग्राम पोस्ट पर ऐसा कमेंट किया. जिसने नई फिल्म का हिंट दे दिया है. दरअसल एक्ट्रेस ने ब्यूटी थीम वीडियो पोस्ट किया था. जिसमें अपना स्किनकेयर रुटीन दिखा रही थीं. राघव ने फनी कमेंट करते हुए लिखा कि- शूट पर ले आना यह सब. इस वीडियो और कमेंट ने सबका ध्यान खींचा. वहीं, एक रिपोर्ट से पता लगा कि राघव और सई मांजरेकर एक फिल्म के लिए कोलैबोरेट कर रहे हैं. जो कि रोमांटिक थ्रिलर बताई जा रही है.




# इत्ती सी खुशी' नेहा मेहता निभाएंगी अन्विता की मां का रोल



सोनी सब का दिल छू लेने वाला पारिवारिक शो 'इत्ती सी खुशी' दर्शकों का दिल जीत रहा है। दिवेकर परिवार की खुशिया, संघर्ष और आपसी रिश्तों की कहानी ने हर उम्र के दर्शकों को जोड़कर रखा है। अब इस इमोशनल ड्रामा में नया मोड़ लाने आ रही हैं जानी-मानी अभिनेत्री नेहा एसके मेहता, जो शो में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की माँ हेतल की भूमिका निभाएंगी।हेतल एक रंगीन मिजाज़ की, बेबाक और खुद में रमी हुई महिला है। वह बातूनी है, ध्यान आकर्षित करना पसंद करती है और अपने स्टाइलिश व ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर हमेशा सतर्क रहती है। हालांकि, इस चटपटे व्यक्तित्व के पीछे छिपी है एक असुरक्षित आत्मा, जो अपनी इच्छाओं और संघर्षों से प्रेरित होकर जीती है। पारंपरिक माँ की छवि से हटकर हेतल एक ऐसी महिला है जो पहले खुद को प्राथमिकता देती है – यहां तक कि अपने बच्चों से भी। उसकी 'अच्छी-खासी इमेज' बनाए रखने की ज़िद, और हर परिस्थिति में अपने रंगीन हावभाव, घर में मनोरंजन के साथ-साथ हलचल भी लेकर आते हैं। इस बहुआयामी किरदार को निभाना नेहा के लिए भी एक नया और ताज़गीभरा अनुभव है।इस शो का हिस्सा बनना बेहद रोमांचक है, क्योंकि इसमें दिल को छू लेने वाले जज़्बात और हल्के-फुल्के पारिवारिक पल का शानदार मेल है। हेतल का किरदार चंचल, नाटकीय और ज़िंदादिल है, लेकिन अपनी कमजोरियों के साथ। यह भूमिका अब तक किए गए रोल्स से बिल्कुल अलग है और मुझे विश्वास है कि दर्शक इसे ज़रूर पसंद करेंगे।"हेतल की एंट्री शो में ताजगी, मनोरंजन और नए ड्रामे की लहर लेकर आएगी। नेहा एसके मेहता की एक्टिंग और उनके किरदार की परतें, शो को एक नई दिशा देने वाली हैं। देखिए 'इत्ती सी खुशी' सोमवार से शनिवार, रात 9 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

# सोनी सब के कलाकारों ने बताया करवा चौथ क्यों है खास



करवा चौथ एक ऐसा पर्व है जो परंपरा और भावनाओं का सुंदर संगम है। यह वह दिन है जब रंग-बिरंगी रस्में गहरे विश्वास और प्रेम से जुड़ती हैं और चांदनी रात में प्यार का उत्सव मनाया जाता है। मेहंदी रचाने और सुबह-सवेरे की सरगी से लेकर, दिल में प्रार्थनाएं लिए चांद का इंतज़ार करने तक, भारत भर की महिलाएं इस पर्वको अपार उमंग और ख़ुशी से मनाती हैं। साझा करती हैं। गाथा शिव परिवार की – गणेश कार्तिकेय में देवी पार्वती की भूमिका निभा रहीं श्रेनु पारिख ने कहा, मैं एक गुजराती हू और मेरी शादी एक महाराष्ट्रीयन परिवार में हुई है, इसलिए करवा चौथ हमारे पारंपरिक त्यौहार का हिस्सा नहीं रहा। लेकिन समय के साथ मैंने इसके भाव और उत्साह को बहुत पसंद करना शुरू कर दिया। मैंने अपनी कई सहेलियों को पूरे प्रेम और उत्साह से व्रत रखते देखा है और कहीं न कहीं वह ऊर्जा आप तक भी पहुच जाती है। मेरे लिए यह रस्मों से ज़्यादा साथ मिलकर प्यार और अपनापन मनाने का त्योहार है। सजने- सवरने से लेकर पूरे दिन एक-दूसरे को छेड़ने और फिर चांद का इंतज़ार करने तक यही छोटी-छोटी बातें इस दिन को ख़ास बना देती हैं।इत्ती सी ख़ुशी में नंदिता की भूमिका निभा रहीं गौरी टोंक ने कहा, मेरे लिए करवा चौथ हमेशा से एक सुंदर परंपरा रही है। यह केवल व्रत रखने का दिन नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और यश और मेरे रिश्ते का उत्सव है। समय के साथ यह एक परंपरागत रस्म से ज़्यादा एक भावनात्मक अनुष्ठान बन गया है। मुझे इसकी तैयारी करना, पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभा रहीं करूणा पांडे ने कहा, करवा चौथ मेरे दिल के बहुत करीब है। जब मैं चंडीगढ़ में मास्टर्स कर रही थी, तब महिला हॉस्टल में रहती थी। वहा अविवाहित लड़कियाँ भी इस परंपरा को निभाती थीं। हम सब सुबह जल्दी उठकर मेस में बनी साधारण सरगी खाते और फिर पूरा दिन व्रत रखते। तब यह किसी खास इंसान के लिए नहीं, बल्कि मिलकर त्यौहार मनाने की खुशी के लिए होता था। शादी के बाद मैंने विधिवत व्रत रखा, लेकिन अब काम के व्यस्त कार्यक्रम और शूटिंग की वजह से हमेशा आसान नहीं होता। फिर भी मैं इसकी असली भावना में विश्वास रखती हू। मुझे सभी रस्में—तैयार होना, पूजा करना और चांद

का इंतज़ार करना—बहुत सुंदर लगते हैं, देखें गाथा शिव परिवार की – गणेश कार्तिकेय, इत्ती सी ख़ुशी और पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार, केवल सोनी सब पर.

## देशीगर्ल प्रियंका ने रचा ली करवा चौथ की मेहंदी

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा विदेश में बस चुकी हैं, लेकिन हर इंडियन फेस्टिवल वो डबल जश्न के साथ सेलिब्रेट करती हैं। और पंजाबी होने के नाते करवा चौथ के तो कहने ही क्या। हर साल की तरह इस बार भी वह अपने पति निक जोनस के लिए करवा चौथ का व्रत रखने वाली हैं। उन्होंने इस खास मौके की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इससे जुड़ी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। हाल ही में प्रियंका ने अपने हाथों में मेहंदी लगवाते हुए कुछ तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए। वीडियो के बैकग्राउंड में लोकप्रिय गाना 'मेहंदी है रचने वाली' भी सुनाई दे रहा है। उन्होंने अपने हाथों की मेहंदी को बड़े प्यार से दिखाया, जिसमें एक खास बात यह थी.

# धनश्री के दावों पर चहल का बड़ा बयान

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी एक्स-वाइफ धनश्री वर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, धनश्री ने हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर के शो 'राइज एंड फॉल' में एक बड़ा बयान देकर सभी को चौंका दिया। उन्होंने दावा किया कि शादी के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्होंने चहल को चीटिंग करते हुए पकड़ लिया था। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर खूब चर्चा शुरू हो गई। अब पहली बार युजवेंद्र चहल ने इन आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में कहा कि ये सभी आरोप गलत हैं और उनके जीवन में अब इस बात की कोई जगह नहीं है। चहल बोले- 'मैं एक खिलाड़ी हूं और मैं धोखा नहीं देता। अगर कोई दो महीने में ही चीट करता, तो रिश्ता इतने साल कैसे चलता? मेरे लिए ये चैप्टर खत्म हो चुका है। मैं आगे बढ़ चुका हूं और बाकी लोगों को भी ऐसा ही करना चाहिए।' चहल ने कहा- 'अगर दो महीने में धोखा हुआ होता तो कोई रिश्ता इतने साल तक नहीं टिकता। मैंने अतीत को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन कुछ लोग आज भी उसी में फंसे हुए हैं। कई लोग अब भी मेरे नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनका घर मेरे नाम से ही चल रहा है, लेकिन मुझे अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो किसी रिलेशनशिप में हैं, तो चहल ने साफ कहा कि वो फिलहाल सिंगल हैं और शादी करने की कोई प्लानिंग नहीं है। हालांकि, पिछले कुछ समय से उनका नाम आरजे महविश के साथ जोड़ा जा रहा था, लेकिन दोनों ने ही इन अफवाहों को कई बार गलत बताया है।




# 'झुंड' फेम प्रियांशु की हत्या दोस्त ने ही ली जान



अमिताभ बच्चन की फिल्म झुंड तो आप सभी को याद ही होगी। इस फिल्म में कई शानदार कलाकार थे और झुग्गी के बच्चों को काफी शानदार तरीके से दिखाया गया था।इस फिल्म में एक किरदार था जिसका नाम बाबू छेत्री था वो अब इस दुनिया में नहीं रहा। बता दें कि इस एक्टर का नाम प्रियांशु उर्फबाबू रवि सिंह छेत्री था और कहा जा रहा है कि बुधवार सुबह सुबह नागपुर में शराब के नशे में उसका बहुत बड़ा झगड़ा हुआ था जिसमें उसके दोस्त ने ही कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान ध्रुव लाल बहादुर साहू के रूप में हुई है जिसकी उम्र महज 20 साल बताई जा रही है। आरोपी दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद इस घटना की जांच जारी है। हालांकि एक और बयान पुलिस का सामने आया है जिसमें अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन हमने छेत्री के दोस्त ध्रुव साहू को हिरासत में लिया है। हम घटना के पीछे के मकसद की जांच कर रहे हैं।

फैंस हैरान हैं और लोगों ये जानना चाह रहे हैं कि इसके पीछे का मामला क्या है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि दोनों काफी अच्छे दोस्त थे अक्सर साथ में शराब पिया करते थे। फिल्म झुंड के लिए उनकी काफी तारीफ हुई थी और कहा जा रहा था कि आने वाले समय में वो कई और दमदार किरदार में दिख सकते हैं। फिलहाल प्रियांशु के निधन के बाद किसी तरह का कोई रिएक्शन अमिताभ बच्चन की तरफ से सामने नहीं आया है। देखने वाली बात होगी कि सदी के महानायक इस हत्या कांड पर पोस्ट करते हैं या नहीं।

# बचपन में अनुष्का को मां से लगता था डर



हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने अपनी एक्टिंग से बड़ा मुकाम हासिल किया है. वो फैंस के बीच बड़ा नाम कमाने में कामयाब हुई हैं. हालांकि अनुष्का खुद को एक्ट्रेस से ज्यादा सेना अधिकारी की बेटी कहने में गर्व करती हैं. गौरतलब है कि अनुष्का शर्मा के पिता अजय कुमार शर्मा सेना में रह चुके हैं. उन्होंने साल 1999 का कारगिल युद्ध भी लड़ा था, जब भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिको को करारी शिकस्त दी थी.अनुष्का शर्मा ने अपने एक इंटरव्यू के दौरान अपने पिता के साथ ही अपनी मां आशिमा शर्मा को लेकर भी बात की थी. वहीं एक्ट्रेस ने कारगिल युद्ध का जिक्र भी किया था. उस वक्त अनुष्का काफी छोटी थीं. उनके पिता सरहद पर दुश्मनों से जंग लड़ रहे थे और तब नन्ही अनुष्का अपनी मां को देखकर डर जाया करती थीं. अनुष्का को युद्ध वगैरह के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं था.साल 2012 में अनुष्का शर्मा ने एक इंटरव्यू में कारगिल युद्ध और अपने पैरेंट्स को लेकर कहा था, "कारगिल एक कठिन युद्ध था. मैं उस समय बहुत छोटी थी, लेकिन मैं अपनी मां को देखकर डर जाती थी. वो पूरे दिन न्यूज चैनल चालू रखती थीं और जब किसी के हताहत होने की घोषणा होती थी तो वो परेशान हो जाती थीं.

# साउथ के फिल्ममेकर्स पर करण जौहर का तंज!



मोहित सूरी की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाई. इस फिल्म की शानदार सक्सेस के चलते अहान पांडे और अनीत पड्डा बड़े स्टार भी बन गए. हालांकि दोनों की ही ये पहली फिल्म थी. फिक्की फ्रेम्स 2025 में बात करते हुए मोहित सूरी ने बताया कि फिल्म की रिलीज के बाद करण जौहर ने उन्हें पर्सनली धन्यवाद दिया और साउथ भारत के टॉप डायरेक्टर्स ने उन्हें क्लासिक हिंदी सिनेमा का सार वापस लाने के लिए बधाई दी.साल की सबसे बड़ी रोमांटिक ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक 'सैयारा' ने न सिर्फ अहान पांडे और अनीत पड्डा को शोबिज़ में पेश किया, बल्कि ये फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक अहम मोड़ भी साबित हुई. मोहित ने याद करते हुए बताया, "फिल्म रिलीज होने के बाद मैं करण जौहर से मिला और उन्होंने कहा कि आपकी बनाई फिल्म के लिए शुक्रिया. उन्होंने आगे कहा, हाल ही में, हम मनोरंजन की दुनिया को साउथ के डायरेक्टर्स और फिल्मों में बांट रहे हैं. मुझे नहीं पता कि हम ऐसा क्यों करते हैं. मैं पर्सनल लेवल पर बहुतों का फैन हूं. लेकिन उन सभी ने फिल्म देखने के बाद फोन करके कहा कि उन्हें यह बहुत पसंद आई. मोहित ने आगे बताया कि करण जौहर ने उन्हें कहा कि बॉलीवुड फिल्मों को साउथ फिल्ममेकर्स से ऐसी प्रशंसा मिले हुए कई साल हो गए हैं. साउथ वाले बॉलीवुड फिल्मों की तारीफ नहीं करते हैं. लेकिन उन्होंने 'सैयारा' के लिए फोन किया और उसकी तारीफ भी की.

# रणबीर या विकी कौन है असली 'करोड़पति राम'?



'एनिमल' से पहले बेशक रणबीर कपूर के लिए चीजें कुछ अच्छी नहीं रहीं. पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म से वो छा गए. रणबीर कपूर का खूंखार अंदाज लोगों को इतना पंसद आया कि देखते ही देखते फिल्म ने 915 करोड़ छाप लिए. यूं तो यह वर्ल्डवाइड कलेक्शन है, पर उसके बाद से ही उनके पास प्रोजेक्ट्स भर-भरकर आ रहे हैं. इस वक्त रणबीर कपूर अपनी फिल्म लव एंड वॉर को लेकर बिजी हैं.संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म साल 2026 ईद में रिलीज हो रही है. जिसमें रणबीर कपूर के अलावा विकी कौशल और आलिया भट्ट भी नजर आएंगे. यह उनका कमबैक प्रोजेक्ट होगा. उसके बाद रामायण दिवाली पर रिलीज होगी, जिसे 4000 करोड़ के बजट से बनाया जा रहा है. जल्द ही रामायण के पार्ट 2 पर काम किया जाएगा.वहीं विकी कौशल और रणबीर कपूर का लव एंड वॉर में आमना-सामना होगा. दरअसल दोनों इस वक्त कुछ एक्शन सीक्वेंस शूट कर रहे हैं. दोनों फिल्म के एक दूसरे के अपोजिट हैं. हालांकि, जहां रणबीर कपूर रामायण में भगवान राम बन रहे हैं. वहीं, दूसरी ओर विकी कौशल की महावतार आने वाली है. उस पिक्चर में विकी महावतार परशुराम का किरदार निभाएंगे.दरअसल विकी कौशल की पिछली फिल्म छावा थी, जो ब्लॉकबस्टर रही थी. फिल्म ने 800 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया था. हालांकि, उनके खाते में इस वक्त महज दो फिल्में हैं. एक तरफ है- लव एंड वॉर. जबकि दूसरी फिल्म महावतार है. हाल ही में जानकारी मिली थी कि एक फिल्म को लेकर विकी और रणबीर से बात हो रही है. जिसमें आलिया भट्ट के अपोजिट काम करना होगा.रणबीर कपूर ने फिल्म सांवरिया से डेब्यू किया था, जो साल 2007 में रिलीज हुई थी. यह भी संजय लीला भंसाली की ही फिल्म है. खास बात यह है कि फिर उनके साथ दिखेंगे.

# अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया



**नई दिल्ली.** अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरुआत धमाकेदार की है. पहले वनडे में राशिद खान की डबल सेंचुरी से लेकर अफगानिस्तान की जीत तक सबकुछ देखने को मिला. नतीजा, ये हुआ कि टी20 सीरीज 0-2 से हारने के बाद अफगानिस्तान ने अब 3 वनडे की सीरीज में 1-0 की बेजोड़ बढ़त ले ली है. अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 8 अक्टूबर को आबू धाबी में खेला गया, जिसमें मेजबान टीम यानी कि अफगानिस्तान ने 5 विकेट से जीत दर्ज की.

अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले पहले वनडे की सबसे खास बात राशिद खान की डबल सेंचुरी रही. वनडे में ऐसा करने वाले वो अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी बने. अब आप अगर सोच रहे हैं कि राशिद खान ने वनडे में डबल सेंचुरी बल्ले से पूरी की है तो ऐसा नहीं है. ये वनडे की एक इनिंग में जोड़े एक-एक रन से तैयारी हुई डबल सेंचुरी नहीं बल्कि वनडे करियर में उनके विकेटों का पूरा हुआ दोहरा शतक है.

राशिद खान ने अपने 10 साल के वनडे करियर में 115 मैचों की 107वीं पारी में ये कमाल किया. बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे में उन्होंने 10 ओवर में 38 रन देकर 3 विकेट लिए. इसी प्रदर्शन के दौरान पहला विकेट लेते ही उनके वनडे इंटरनेशनल में 200 विकेट पूरे हो गए. बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे से पहले राशिद खान के विकेटों की संख्या 114 मैच की 106 पारी में 199 विकेट थी. लेकिन, बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे के बाद अब उनके 202 विकेट हो गए हैं.

पहले वनडे में बांग्लादेश की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में ही ऑल आउट हो गई. उसने 221 रन बनाए. बांग्लादेश की ओर से दो बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया. सबसे ज्यादा 60 रन कप्तान मेहदी हसन ने बनाए तो तौहीद ह्दय ने 56 रन की पारी खेली. अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान के अलावा अजमतुल्लाह ओमरजई ने भी 3 विकेट लिए.

**ओमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन से मिली टीम को जीत**

अब अफगानिस्तान के सामने 222 रन का लक्ष्य था, जिसका पीछा करते हुए उसके ओपनर रहमनुल्लाह गुरबाज ने शानदार 50 रन बनाए. उनके अलावा रहमत शाह ने भी 50 रन की पारी खेली. गेंद से 3 विकेट लेने वाले ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई ने बल्ले से भी हाथ खोले और 44 गेंदों में 40 रन बनाए और अफगानिस्तान को जीत की दहलीज पार कराने में अहम भूमिका निभाई. अफगानिस्तान ने 17 गेंद पहले ही लक्ष्य भेद दिया और मुकाबला अपने नाम कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली. अजमतुल्लाह ओमरजई को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

**अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने बनाए नए रिकॉर्ड**

इस मैच में अफगानिस्तान के लिए कई रिकॉर्ड भी बने। राशिद खान वनडे में 200 विकेट लेने वाले पहले अफगानी गेंदबाज बने। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 115 मैचों में हासिल की, जो किसी भी स्पिनर के लिए दूसरी सबसे तेज रिकॉर्ड है। वहीं, रहमत शाह वनडे में 4,000 रन पूरे करने वाले पहले अफगानी बल्लेबाज बने।

# वैभव सूर्यवंशी ने 9 छक्कों से जलवा बिखेरा



**नई दिल्ली.** भारत की अंडर 19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैचों की अंडर-19 टेस्ट सीरीज जीत ली है. ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मल्टी डे मैच में भारत के सामने जीत के लिए 81 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे उसने 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया. भारत की अंडर 19 टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जिताने में पूरी टीम ने अपना योगदान दिया. 14 साल के स्टार खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी की भी इस सीरीज जीत में बड़ी भूमिका रही, जिन्होंने 133 रन ठोके. भारत की अंडर 19 टीम का सीरीज में क्लीन स्वीप इसलिए भी खास है क्योंकि वैभव सूर्यवंशी समेत ज्यादातर खिलाड़ियों का ये पहला ऑस्ट्रेलिया दौरा था.

वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ खेली 2 मल्टी डे मैचों की सीरीज में 9 छक्के और 11 चौके के साथ 133 रन ठोके. ये रन उन्होंने 2 मैचों की सीरीज में खेली 3 पारियों में बनाए. वैभव सूर्यवंशी ने पहले मल्टी डे मैच की पहली पारी में 86 गेंदों का सामना करते हुए 113 रन बनाए थे, जिसमें 8 छक्के और 9 चौके शामिल रहे थे. ये रेड बॉल क्रिकेट में उनका सबसे बड़ा स्कोर है.

वहीं दूसरे मल्टी डे मैच की दोनों पारियों को मिलाकर वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से सिर्फ 20 रन निकले, जिसमें 1 छक्का और 2 चौके शामिल रहे. इस तरह ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ पूरी सीरीज में उन्होंने 9 छक्के के साथ 133 रन जड़े हैं. भारत की अंडर 19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ पहला मल्टी डे मैच पारी और 58 रन के बड़े अंतर से जीता था. वहीं दूसरे मल्टी डे मैच में भारत की अंडर 19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराया. इस तरह भारत ने 2 मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का क्लीन स्वीप किया. आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारत की अंडर 19 टीम की रेड बॉल क्रिकेट में ये पहली सीरीज जीत है. इससे पहले इंग्लैंड में खेली टेस्ट सीरीज ड्रॉ रहा था.

दूसरे मल्टी डे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 135 रन बनाए. जवाब में भारत की अंडर 19 टीम ने पहली पारी में 171 रन बनाकर 36 रन की बढ़त ली. ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम दूसरी पारी में 116 रन पर सिमट गई और इस तरह भारत को 81 रन का लक्ष्य मिला था, जो कि उसने आसानी से हासिल करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की.

# रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास पर तोड़ी चुप्पी




**नई दिल्ली.** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से इनकार किया था लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं।' उन्होंने कहा, 'रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था। लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।' अश्विन ने कहा, 'जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था।' उनके इस बयान से उन अटकलों पर विराम लग गया है कि टीम प्रबंधन ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली की सीनियर जोड़ी के बारे में बात करते हुए अश्विन ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को उनके साथ स्पष्ट संवाद करना चाहिए। टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित और कोहली दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। लेकिन रोहित की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। अश्विन ने कहा, 'विराट कोहली वनडे क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हैं। जिस तरह से उन्होंने और रोहित ने 2023 विश्व कप में बल्लेबाजी की, उन्हें कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उनसे बातचीत हुई होगी। विराट और रोहित शर्मा के साथ जो भी चर्चा होनी थी, वह हो चुकी होगी। उनके साथ स्पष्ट संवाद होना चाहिए।'

अश्विन ने कहा कि रोहित और कोहली दोनों में अभी काफी क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी चयनकर्ता या कोच यह कह पाएगा कि विराट और रोहित की सेवाओं की अब ज़रूरत नहीं है। उनके पास जो अनुभव है उसे आप कहीं से खरीद नहीं सकते हैं।'

# गौतम गंभीर के घर डिनर पार्टी में क्या-क्या हुआ?



**नई दिल्ली.** वेस्टइंडीज के खिलाफ आज से होने वाले सीरीज के दूसरे और आखिरी टेस्ट से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ियों की गौतम गंभीर के घर पार्टी हुई. दूसरा टेस्ट चूंकि दिल्ली में है, जहां गौतम गंभीर का घर भी है, ऐसे में कोच साहेब ने पूरी टीम इंडिया के लिए डिनर का प्रबंध किया. हेड कोच के घर पर टीम इंडिया की ये डिनर पार्टी 8 अक्टूबर को हुई. सभी खिलाड़ी रात 8 बजे गौतम गंभीर के घर पर डिनर करने पहुंचे. गंभीर के घर हुई डिनर पार्टी में हर्षित राणा भी नजर आए.

हर्षित राणा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने जाने पर काफी सवाल उठे हैं. ऐसे में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा ना होते हुए भी हर्षित राणा का गौतम गंभीर के घर डिनर करने पहुंचना, भारतीय टीम के हेड कोच से उनकी नजदीकियों की कहानी साफ कहता है. गंभीर के घर में हर्षित राणा की एंट्री हुई भी जरा अलग अंदाज में.

भारत के बाकी खिलाड़ी जहां टीम बस से गौतम गंभीर के घर पहुंचे, वहीं हर्षित राणा की एंट्री अलग से प्राइवेट गाड़ी में हुई. वो अपनी कार से गौतम गंभीर के घर डिनर करने पहुंचे. हर्षित राणा भले ही वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा ना हों पर उनका घर भी गंभीर की तरह दिल्ली में ही है.

गंभीर के उन्हें आमंत्रित करने की ये एक वजह हो सकती है. भारतीय टीम के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के अलावा बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी गंभीर के घर डिनर करने पहुंचे थे. टीम इंडिया के हेड कोच ने इनके स्वागत में डिनर के मेन्यू में क्या कुछ रख रखा था, उसे लेकर ज्यादा कुछ खुलासा नहीं हो पाया है. डिनर करने के बाद सारे खिलाड़ी फिर टीम बस में सवार होकर होटल लौट गए.


# 36वें क्षेत्रीय खेल समारोह में योगी का पुरस्कार वितरण



**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में विद्या भारती द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेल समारोह के समापन अवसर पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उन्हें आत्मनिर्भरता व सफलता का मंत्र दिया। उन्होंने इस अवसर पर भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की। सीएम योगी ने कहा कि खेल अब सिर्फ शौक नहीं रह गए हैं, बल्कि यह जीवन को बेहतर बनाने और राष्ट्र निर्माण में मदद करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में भाग लेना रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और त्याग की भूमि पर होने का सौभाग्य बताया। उन्होंने विद्या भारती की उपलब्धियों की भी सराहना की और कहा कि यह संस्था देश में संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्य बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सीएम योगी ने विद्या भारती के खिलाड़ियों को राष्ट्र का गौरव बढ़ाने के लिए सलाम किया, जिनमें ओलंपियन पद्मश्री सुधा सिंह, निशाद कुमार, शैलि सिंह और अदेश सिंह शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश कई समस्याओं से जूझ रहा था, लेकिन अब यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही नंबर 1 बनने की दिशा में अग्रसर है।

# रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से 3 धमकी




**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी मिलने की खबर है. इस बारे में मुंबई की क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है. मिली जानकारी के मुताबिक रिंकू सिंह को धमकी देने का काम दाऊद इब्राहिम गैंग का काम है. उन्होंने ही इस साल फरवरी से अप्रैल के बीच रिंकू सिंह की प्रमोशनल टीम को 3 धमकी भरे मैसेज भेजे थे. डी -कंपनी की ओर से मिली धमकी में रिंकू सिंह से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई है. बहरहाल, अब पुलिस ने इस मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है.

रिंकू सिंह हाल ही में एशिया कप खेलकर लौटे हैं. उन्हें वहां फाइनल में खेलने का मौका मिला था, जिसमें उन्होंने विजयी रन ठोका था. लेकिन, अब उन्हें लेकर मिली अंडरवर्ल्ड की धमकी जैसी सनसनीखेज खबर से खलबली मच गई है. रिंकू सिंह को धमकी देने के मामले में पुलिस ने जिन 2 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें से एक ने धमकी देने की बात कबूल भी कर ली है.फिरौती मांगने वाले दोनों आरोपियों को वेस्टइंडीज से गिरफ्तार किया गया है, जिनके नाम मोहम्मद दिलशाद और मोहम्मद नवीद है. बताया जा रहा है कि वेस्टइंडीज ने उन दोनों आरोपियों को 1 अगस्त को भारत को सौंपा था. इन दोनों आरोपियों को पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके बेटे जीशान सिद्दीकी से 10 करोड़ की फिरौती मांगने के एवज में पुलिस ने गिरफ्त में लिया था. पुलिस की पकड़ में आने के बाद दोनों आरोपियों में से एक ने बताया कि उन्होंने रिंकू सिंह को भी कॉल कर उनसे फिरौती मांगी थी. मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बताया कि जीशान सिद्दीकी को धमकी भरे मेल फिरौती को लेकर 19 से 21 अप्रैल के बीच आए थे. जबकि रिंकू सिंह की प्रमोशनल टीम को फरवरी से अप्रैल के बीच फिरौती को लेकर 3 बार धमकी भरे संदेश आए.

# आर्कटिक ओपन से लक्ष्य सेन बाहर

## मन्नेपल्ली ने भारतीय उम्मीदें जीवंत रखीं




**वंता (फिनलैंड):** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी थारुण मन्नेपल्ली ने आर्कटिक ओपन 2025 में देश की पुरुष एकल उम्मीदों को जीवंत रखा जब उन्होंने रोमांचक मुकाबले में दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराकर उलटफेर किया जबकि लक्ष्य सेन इस साल 10वीं बार पहले दौर में बाहर हो गए. दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी मन्नेपल्ली ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए पोपोव को एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 21-11, 22-20 से हराया. उन्होंने निर्णायक गेम में चार मैच प्वाइंट बचाकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल की.अब प्री क्वार्टर फाइनल में उनका सामना दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोकी वातानबे से होगा. पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइन में जगह बनाने वाले लक्ष्य को दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका ने 57 मिनट में 21-15, 21-17 से हरा दिया.

लक्ष्य को शुरुआत से ही संघर्ष करना पड़ा. पहले गेम के ब्रेक के समय वह 6-11 से पीछे थे और कड़ी चुनौती पेश करने में नाकाम रहे. दूसरा गेम करीबी रहा. ब्रेक के समय स्कोर जापान के खिलाड़ी के पक्ष में 11-10 था, लेकिन नाराओका ने ब्रेक के बाद अपनी रणनीति बदली और लक्ष्य को सिर्फ सात अंक और हासिल करने दिए. यह नाराओका के खिलाफ लक्ष्य की आठ मैच में छठी हार और 2025 सत्र में पहले दौर में उनकी 10वीं हार है. हालांकि वह पिछले महीने हुए हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे.अन्य भारतीयों को भी शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा.

## किदांबी श्रीकांत ने वॉकओवर से खेल छोड़ा

पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत ने डेनमार्क के रासमस गेम्के को वॉकओवर दे दिया जबकि किरण जॉर्ज ने वातानबे के खिलाफ पहला गेम 10-21 से हारने के बाद दूसरे गेम में 1-4 से पिछड़ते हुए मुकाबला बीच में छोड़ दिया. शंकर सुब्रमण्यन को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने 44 मिनट में 21-17, 21-11 से हराया जबकि आयुष शेट्टी को थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से 50 मिनट में 21-15, 21-16 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया.

# नायर की कर्नाटक रणजी टीम में वापसी



**राजकोट.** नायर की कर्नाटक रणजी टीम में वापसी बेंगलुरु, भारतीय बल्लेबाज करुण नायर दो सत्र के अंतराल के बाद फिर कर्नाटक की टीम में वापसी करेंगे। नायर को 15 अक्तूबर से राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ शुरू होने वाले सत्र के पहले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए राज्य टीम में शामिल किया गया है। विदर्भ का हिस्सा थे : नायर इससे पहले दो सत्र तक विदर्भ की टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने पिछले सत्र में टीम के रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मध्य क्रम के इस बल्लेबाज को पहले संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया था। मयंक अग्रवाल कर्नाटक की कप्तानी जारी रखेंगे, जिसने कृतिका कृष्णा, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान जैसे कुछ नए चेहरों को टीम में शामिल किया है। रणजी के लिए टीम : मयंक अग्रवाल (कप्तान), करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत (विकेटकीपर), श्रेयस गोपाल, विशक विजयकुमार, विद्वथ कावेरप्पा, अभिलाष शेट्टी, एम वेंकटेश, निकिन जोस, अभिनव मनोहर, कृतिक कृष्णा (विकेटकीपर), केवी अनीश, मोहसिन खान, शिखर शेट्टी। वीनू मांकड में अन्वय द्रविड़ कप्तान दिग्गज राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ इस सत्र में 9 से 17 अक्तूबर तक देहरादून में होने वाली वीनू मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक की कप्तानी करेंगे। वह टूर्नामेंट के पिछले सत्र में राज्य के लिए शीर्ष स्कोरर रहे थे। वीनू मांकड़ के लिए टीम : अन्वय द्रविड़ (कप्तान, विकेटकीपर), नितीश आर्य, आदर्श डी उर्स, एस मणिकांत (उप-कप्तान), प्रणीत शेट्टी, वासव वेंकटेश, अक्षत प्रभाकर, सी वैभव, कुलदीप सिंह पुरोहित, रतन बीआर, वैभव शर्मा, केए तेजस, अथर्व मालविया, सनी कांची, रेहान मोहम्मद (विकेटकीपर)।

**विश्व जूनियर बैडमिंटनः**

**गुवाहाटी.** भारत ने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में यूएई को सीधे सेटों में हराकर योनेक्स-सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टरफाइनल की तैयारिया शुरू कर दी हैं। भारत ने यूएई को 45-37, 45-34 से हराते हुए आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन किया। टीम की शुरुआत तन्वी शर्मा ने की, जिन्होंने भारतीय जूनियर चैंपियन प्रकृति भरत को 9-5 से हराया।

इसके बाद सी लालरामसांगा और विशाखा टोप्पो की मिश्रित युगल जोड़ी ने भी 18-10 से जीत दर्ज की। यूएई ने लड़कों के एकल और युगल मुकाबलों में अच्छी चुनौती दी, लेकिन भारत ने अपनी बढ़त बनाए रखी। ग्रुप ए में भारत के अलावा जापान, थाईलैंड,

अमेरिका और फ्रांस ने भी शानदार प्रदर्शन किया। जापान ने शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि अमेरिका ने फ्रांस को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।अब भारत को अपने क्वार्टरफाइनल प्रतिद्वंदी का पता ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने वाली टीम के मुकाबले के बाद ही चलेगा।

# 'देश को बताओ कौन रोका सैन्य कार्रवाई'

## > पीएम मोदी का 26/11 के बाद कांग्रेस पर सवालिया निशान

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण, मुंबई मेट्रो की एक्वा लाइन और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर सत्ता में रहते हुए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने इस दौरान साल 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा- 'हाल ही में कांग्रेस के एक बड़े नेता, जो कांग्रेस के शासनकाल में देश के गृह मंत्री रह चुके हैं, ने एक साक्षात्कार



में बड़ा खुलासा किया है कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमला करने को तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कांग्रेस सरकार ने देश की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया। कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया और मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया।

आपको बता दें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदंबरम ने हाल ही में खुलासा किया था कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद वह पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी सैन्य कार्रवाई के पक्षधर थे। हालांकि, विदेश मंत्रालय के विचार के अनुसार इस्लामाबाद के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठाने का फैसला किया। उन्होंने कहा था कि अमेरिका सहित वैश्विक शक्तियां चाहती थीं कि भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध शुरू न करे। साल 2008 के नवंबर महीने में पाकिस्तानी आतंकियों ने मुंबई शहर में कई वारदातों को अंजाम दिया था। पाकिस्तान से आए भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने मुंबई में तीन दिनों तक आतंक मचाया था। इस आतंकी हमले में 166 लोग मारे गए और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। मृतकों में अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे।

### आज का भारत घर में घुसकर मारता है- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है। मुंबई, भारत की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ भारत के सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। इसलिए, 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। लेकिन तब जो कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए।

# अमेरिकन नस्ल के मुर्गे रहस्यमयी ढंग से लापता

**लखनऊ.**

लखनऊ का सहारा शहर इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है. नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए सहारा शहर को पूरी तरह खाली कराकर सील कर दिया है. इस कार्रवाई के बाद अमेरिकन नस्ल के मुर्गों के रहस्यमयी ढंग से गायब होने और पार्किंग में फंसी 30 लग्जरी कारों को निकालने की जद्दोजहद ने सुर्खियां बटोरी हैं. सोमवार को हुई सीलिंग के दौरान नगर निगम ने सहारा शहर की डेयरी से 35 मवेशियों को कान्हा उपवन भेजा था. डेयरी के पास मौजूद मुर्गा फार्म में बड़ी संख्या में अमेरिकन नस्ल के मुर्गे थे, जिन्हें नगर निगम ने अपने कब्जे में नहीं लिया. सीलिंग के बाद इन मुर्गों की देखभाल के लिए कोई कर्मचारी नहीं बचा. अब खबर है कि ये मुर्गे रहस्यमयी तरीके से गायब हो गए हैं.



संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मुर्गों को वहीं छोड़ दिया गया था, लेकिन उनके गायब होने के बाद नगर निगम के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं. सीलिंग के दौरान एक बंगले से विदेशी नस्ल का कुत्ता भी बरामद हुआ. नगर निगम ने उसे जरहरा एबीसी सेंटर भेज दिया है. नगर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया, कुत्ते को उसके असली मालिक को सौंपने के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया जाएगा. सहारा शहर की सीलिंग के दौरान करीब 30 लग्जरी कारें पार्किंग में ही रह गईं, जो अब धूल फांक रही हैं. सहारा समूह प्रबंधन ने इन गाड़ियों को बाहर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है. बुधवार को सहारा समूह के प्रतिनिधि नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को एक प्रार्थना पत्र सौंपा. अपर नगर आयुक्त ने बताया कि इस मामले में विधिक सलाह के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा.सहारा शहर की सीलिंग ने न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि प्रशासन और सहारा समूह के बीच तनातनी को भी बढ़ा दिया है. गायब मुर्गों और फंसी लग्जरी कारों ने इस पूरे प्रकरण को और रोचक बना दिया है. अब देखना यह होगा कि सहारा समूह अपनी गाड़ियां वापस निकाल पाता है या नहीं, और साथ ही गायब हुए अमेरिकन मुर्गों का रहस्य सुलझता है या नहीं.

# कुत्तों ने ढूंढ निकाला 4 मिनट में 24 करोड़ रु का ड्रग्स

## > थाईलैंड से भारत भेजा गया था 'नशे का पार्सल'

**बेंगलुरु.**

बेंगलुरु के चामराजपेट डाकघर में केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम और कोठानूर पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से 24 करोड़ रुपये के ड्रग्स ज़ब्त किए. विदेश से आए एक पार्सल में अफीम, एमडीएमए और हाइड्रो गांजा सहित भारी मात्रा में नशीले पदार्थ छिपाए गए थे.

पुलिस ने ड्रग्स का पता लगाने के लिए डॉग स्क्वायड की मदद ली. रामू व प्रिंस नामक जासूसी कुत्तों ने मात्र चार मिनट में ड्रग्स का पता लगा लिया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में यह पता चला है कि ये ड्रग्स पालतू जानवरों के खाने के पैकेट की तरह पैक किए गए थे, जिससे इन्हें पार्सल चेकिंग सिस्टम से बचाया जा सके.

यह पैकेज थाईलैंड से भेजा गया था. इसका संबंध एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है. सीसीबी और कोठानूर पुलिस फिलहाल इस सुनियोजित तस्करी साजिश की तह तक जानने की कोशिश कर रही है. उन्होंने पार्सल भेजने वाले और प्राप्तकर्ता दोनों के बारे में जानकारियां इकट्ठा कर ली हैं और आगे की जांच जारी है. एक अधिकारी के मुताबिक, रामू और प्रिंस नाम के कुत्तों ने बड़ी तेजी से पैकेज की तलाशी ली और संदिग्ध नशीले पदार्थों की सूंघकर पहचान की. पुलिस ने बताया कि यदि पार्सल खोलने की अनुमति नहीं ली जाती, तो जांच प्रक्रिया बाधित हो जाती. इसलिए, कुत्तों द्वारा सूंघ कर पहचान करना सुरक्षित और कानूनी दृष्टि से स्वीकार्य तरीका था.

अब पुलिस अधिकारी इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्रग्स तस्करी का नेटवर्क किससे जुड़ा है. एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस संभावित सप्लायर, स्टोरहाउस और वितरण चैनल की पहचान करेगी. इसके अतिरिक्त, विदेशी नेटवर्क और भारत में संपर्क रखने वालों की गहन जांच की जाएगी.

### डॉग स्क्वायड तुरंत गंध की पड़ताल कर सकते हैं


एक अधिकारी ने बताया कि "जब पार्सल अफीम या अन्य नशीले पदार्थों से भरा हो, तो पारंपरिक स्कैनिंग उपकरणों से पहचान करना आसान नहीं है, लेकिन डॉग स्क्वायड तुरंत गंध की पड़ताल कर सकते हैं." इस मामले में, कुत्तों ने चार मिनट के भीतर गतिविधि की सूचना दी, जिससे पुलिस तुरंत कार्रवाई में सक्षम हो पाई.

# शांति दूत बनने को बेताब हैं डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन.**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए तड़प रहे हैं। 10 अक्तूबर को पुरस्कार का ऐलान होना है जिसे लेकर ट्रंप पूरा माहौल बनाने में लगे हैं। इसके पीछे की वजह यह कि उन्होंने ऐलान किया है कि गाजा में पीस प्लान के पहले चरण पर सहमत इजरायल और हमास दोनों सहमत हो गए हैं। ट्रंप के इस ऐलान के बाद से व्हाइट हाउस और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उन्हें पीस मेकर (शांतिदूत) और पीस प्रेसिडेंट (शांति का राष्ट्रपति) बताते हुए पोस्ट किए जा रहे हैं। व्हाइट हाउस की ओर से बकायदा इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीर पोस्ट की है जिसमें डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस के कॉरिडोर से गुजरते हुए दिखाया गया है और लिखा है- द पीस प्रेसिडेंट।

व्हाइट हाउस के अलावा ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी, जिसे ग्रैंड ओल्ड पार्टी भी कहते हैं, ने अपने हैंडल से



एक पोस्ट किया है जिसमें ट्रंप 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की टोपी लगाए एक कुर्सी पर बैठे हैं और तस्वीर के उपर बड़े अक्षरों में लिखा है- द पीस मेकर।

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने सात वैश्विक संघर्षों को खत्म कराने में भूमिका निभाई है, इसके बावजूद अगर नोबेल पुरस्कार उन्हें नहीं दिया जाता है तो यह अमेरिका के लिए बड़े अपमान की बात होगी। ट्रंप ने कहा था, ''यह शानदार है, कोई ऐसा कभी नहीं कर पाया। फिर भी, 'क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा?' बिल्कुल नहीं। वो इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ भी नहीं किया। वो इसे ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने युद्ध को सुलझाने के लिए क्या किया गया, इस पर कोई किताब लिखी है, हां, नोबेल पुरस्कार किसी लेखक को मिलेगा। लेकिन देखते हैं क्या होता है।' ओस्लो स्थित नॉर्वेजियन नोबेल समिति शुक्रवार को पुरस्कार विजेता की घोषणा करेगी, जिससे महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लग जाएगा। ट्रंप ने बार-बार कहा है कि उन्होंने कई संघर्षों को सुलझाया है और वो इस पुरस्कार के हकदार हैं, लेकिन विशेषज्ञ अभी भी इस पर सहमत नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ, स्वीडिश प्रोफेसर पीटर वालेंस्टीन का कहना है कि "नहीं, इस साल ट्रंप नहीं होंगे।

# टोक्यो के दक्षिण में मूसलधार बारिश से हाहाकार

**टोक्यो.**

तोक्यो के दक्षिण में स्थित द्वीपों पर बृहस्पतिवार को आए एक शक्तिशाली चक्रवाती तूफान के कारण मूसलधार बारिश हुई, जिसने जनजीवन को गंभीर रूप से अस्त-व्यस्त कर दिया। तूफान की तीव्रता के कारण इलाके में भारी भूस्खलन और भयानक बाढ़ की आशंका बनी हुई है, जिसके चलते सरकार ने स्थानीय नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इस बाबत अलर्ट जारी कर दिया गया है।

तोक्यो से 280 किलोमीटर दक्षिण में स्थित इजु द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में रिकॉर्ड स्तर की बारिश हुई है। इससे उन इलाकों की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और रास्तों के अवरुद्ध होने की घटनाएं सामने आई हैं। इसके परिणामस्वरूप सैकड़ों लोग अपने घरों से बाहर निकलकर राहत शिविरों में शरण लेने पर मजबूर हो गए हैं। चक्रवात के प्रभाव के चलते मुख्य द्वीप होन्शु के कानेगावा प्रांत



के ओइसो क्षेत्र में मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की लहरों में बह जाने से मौत हो गई। इस हादसे ने तूफान के खतरों को और स्पष्ट कर दिया है। सरकार ने अब तक राहत कार्य शुरू कर दिया है और प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाएं सक्रिय कर दी गई हैं, ताकि जनहानि और संपत्ति के नुकसान को कम किया जा सके। चक्रवात के कारण आने वाले दिनों में और भी अधिक बारिश होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे विभिन्न इलाकों में और भी ज्यादा जलप्रलय और भूस्खलन हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह तूफान अब धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है, लेकिन फिर भी इसके प्रभाव से बचने के लिए लोगों को पूरी तरह से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

# यूक्रेन के हमलों से रूस में गैस संकट

**कीव.**

रूस पर यूक्रेन की नई मिसाइलों और ड्रोनों से हाल में किए गये ताजा हमलों से गैसपाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके चलते रूस में गैस का अकाल पड़ने लगा है। यह दावा यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने किया है। उनका कहना है कि यूक्रेन द्वारा विकसित नई लंबी दूरी की मिसाइलों और ड्रोन के माध्यम से की गई रणनीतिक हमलों से रूस में गैस और ईंधन की भारी कमी हो रही है।

जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन ने ताजा हमलों में रूसी तेल भंडारण केंद्रों और सैन्य डिपो को निशाना बनाया गया है, जिससे रूस की आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के मैदान में हाल ही में किए गए यूक्रेन के जवाबी हमलों ने पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस की कब्जा करने की योजना को विफल कर दिया है। जेलेंस्की के अनुसार, यूक्रेनी मिसाइलों ने दर्जनों रूसी सैन्य ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट किया है। उन्होंने विशेष रूप से 'रूटा' नामक मिसाइल ड्रोन का उल्लेख किया, जिसने 250 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित एक रूसी तेल सुविधा पर हमला किया। उन्होंने इस हमले को "नए हथियार की बड़ी सफलता बताया। जेलेंस्की ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि रूस में ईंधन की कमी और बढ़ते विदेशी आयात यह दर्शाते हैं कि यूक्रेनी हमले प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, "सबसे अहम बात यह है कि रूस अब गैसोलीन आयात कर रहा है। यह एक स्पष्ट संकेत है।" यूक्रेनी खुफिया रिपोर्टों के हवाले से उन्होंने बताया कि रूस ने बेलारूस से गैस का आयात छह गुना तक बढ़ा दिया है और उस पर लगने वाला शुल्क भी हटा दिया है। इसके अलावा, रूस अब चीन से भी ईंधन आयात कर रहा है।

# ह्यूस्टन में हुई गोलीबारी

## > संदिग्ध समेत 4 लोगों की गई जान

**वाशिंगटन.**

अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की वीभत्स घटना हुई है। इस बार ह्यूस्टन में एक शख्स ने 2 अलग-अलग स्थानों पर 3 लोगों की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि वह गोलीबारी के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रही है। ह्यूस्टन पुलिस विभाग के लेफ्टिनेंट लैरी क्रॉसन ने कहा, ''प्रारंभिक संकेत यह हैं कि दोनों मामले आपस में जुड़े हुए हैं।'

शहर पुलिस की प्रवक्ता एलिसिया अलानिज ने बताया कि ह्यूस्टन के उपनगर शुगर लैंड में एक वाहन चालक ने एक अन्य वाहन पर कई गोलियां चलाईं जिससे उसका चालक घायल हो गया और उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। अलानिज ने बताया कि पुलिस अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह गोलीबारी



'रोड रेज' का मामला है। लगभग आधे घंटे बाद ह्यूस्टन पुलिस को पहली गोलीबारी के घटनास्थल से लगभग 11 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एक मैकेनिक की दुकान पर गोलीबारी की सूचना मिली। क्रॉसन ने बताया कि हमलावर ने एक मैकेनिक और उस गवाह को गोली मार दी जो उसका वीडियो बना रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस को हमलावर लगभग 6.4 किलोमीटर दूर अपनी गाड़ी में मृत मिला। अधिकारियों का मानना है कि उसने खुदकुशी होगी। पुलिस ने मृतकों या हमलावर के नाम जारी नहीं किए हैं। अमेरिकी नागरिकों के पास दुनिया में सबसे ज्यादा बंदूकें हैं। 2023 के एक अनुमान के अनुसार अमेरिका में नागरिकों के पास लगभग 393 मिलियन (39.3 करोड़) से अधिक बंदूकें हैं। यह संख्या अमेरिका की कुल आबादी से भी ज्यादा है। अमेरिका में लगभग 40-44 फीसदी लोगों के घरों में बंदूकें हैं, जबकि लगभग 32 फीसदी अमेरिकी व्यक्तिगत रूप से बंदूक के मालिक हैं। इसका मतलब यह है कि जिन लोगों के पास बंदूकें हैं, उनमें से कई लोगों के पास एक से ज्यादा बंदूकें हैं।

# मुंबई में 100 करोड़ की ठगी

**मुंबई.**

मुंबई में एक ऐसी ठगी का मामला सामने आया है जो किसी क्राइम थ्रिलर से कम नहीं. शहर के एक व्यापारी मोहम्मद असलम कुरैशी ने पुलिस में 100 करोड़ रुपये से अधिक की रियल एस्टेट धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है और चौकाने वाली बात यह है कि जिसके खिलाफ यह शिकायत दर्ज कराई है वो अब मर चुका है. आरोपी रुपेश प्रभाकर चौधरी, जिनकी हाल ही में मौत हो गई, ने खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का सीनियर अधिकारी बताकर न केवल कुरैशी बल्कि कई अन्य निवेशकों को भी ठग लिया.

उसने म्हाडा के नाम पर फर्जी सरकारी दस्तावेज़, नकली जीआरएएस चालान और फर्जी आदेश दिखाकर लोगों को यह विश्वास दिलाया कि वह सरकारी स्तर पर रियल एस्टेट डील्स करा सकता है.

शिकायत के मुताबिक चौधरी खुद को बेहद प्रभावशाली दिखाने के



लिए लाल बत्ती लगी कारों में घूमता था, बॉडीगार्ड के साथ चलता था, हथियार रखता था, और आईएएस व पुलिस अधिकारियों के साथ तस्वीरें दिखाकर लोगों को भ्रमित करता था. उसने एक भव्य जन्मदिन पार्टी भी आयोजित की थी जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, आईएएस अफसर और टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के कलाकार शामिल थे.कुरैशी का आरोप है कि चौधरी ने उन्हें और उनके परिचितों को म्हाडा फ्लैट्स सस्ते दामों में दिलाने का लालच दिया और सुगी परिमल (दादर), व्रज तियारा (वर्ली), सोहम अपार्टमेंट, ग्रीन एज हिल , मिनर्वा, रुस्तमजी क्राउन, ओबेरॉय 360 वेस्ट और प्रेस्टीज जसदान जैसे प्रोजेक्ट्स में निवेश कराया.

कुरैशी और उनके साथियों ने मिलकर लगभग 17 करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि कुल ठगी 100 करोड़ रुपये से भी अधिक की बताई जा रही है. 18 जुलाई 2025 को जब फ्लैट रजिस्ट्रेशन होना था, उसी दिन खबर आई कि चौधरी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. लेकिन कुरैशी को सच्चाई उनके अंतिम संस्कार पर पता चली कि चौधरी कभी भी IB अधिकारी था ही नहीं.

# पीएम मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने की मुलाकात

**नई दिल्ली.**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भारत दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई स्थित राजभवन में अपने समकक्ष कीर स्टार्मर का स्वागत किया। इस दौरान, दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रक्रिया के तहत एक बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान भारत और ब्रिटेन को 'नेचुरल पार्टनर' बताया। उन्होंने कहा कि हमारे संबंधों की नींव में डेमोक्रेसी, फ्रीडम और 'रूल ऑफ लॉ' जैसे मूल्यों में साझा विश्वास है।

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि अब ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटीज भारत में कैंपस खोलने जा रही हैं। साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के गुरुग्राम कैंपस का हाल ही में उद्घाटन हुआ है और छात्रों का पहला बैच प्रवेश भी ले चुका है। पीएम मोदी ने बताया कि हमने मिलिट्री ट्रेनिंग में



सहयोग पर समझौता किया है। इसके तहत भारतीय वायुसेना के 'फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर' ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स में ट्रेनर्स के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की गतिशीलता और ब्रिटेन की विशेषज्ञता मिलकर एक अद्वितीय तालमेल बनाती है।

हमारी साझेदारी भरोसेमंद है, टेलेंट और टेक्नोलॉजी ड्रिवन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं और दोनों देशों के बीच साझेदारी वैश्विक स्थिरता एवं आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार बन रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और ब्रिटेन सैन्य प्रशिक्षण में सहयोग पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं।

उन्होंने कहा कि 'हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ब्रिटेन के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यूक्रेन संघर्ष और गाजा मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांति बहाल करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन संबंधों को बढ़ावा देने पर व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए बातचीत की। भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ व्यापक वार्ता के बाद पीएम मोदी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत-ब्रिटेन संबंधों का आधार लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास है।

वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में स्टार्मर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन का संबंध खास है। उन्होंने भारत की विकास गाथा को उल्लेखनीय बताते हुए कहा, ''हम भविष्य पर केंद्रित एक नयी आधुनिक साझेदारी गढ़ रहे हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक जॉइंट स्टेटमेंट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दोनों देश भविष्य पर केंद्रित एक नई आधुनिक साझेदारी का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत और ब्रिटेन के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

# पटाखा फैक्ट्री में आग, 7 की दर्दनाक मौत

**अमरावती.** आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिले में बुधवार को एक पटाखा निर्माण फैक्ट्री में भीषण आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने इस दुर्घटना की पुष्टि की है। यह दर्दनाक हादसा दोपहर करीब 1 बजे उस समय हुआ जब श्री गणपति ग्रैंड फायर वर्क्स नामक लाइसेंस प्राप्त फैक्ट्री में काम चल रहा था।

रामचंद्रपुरम उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बी रघुवीर ने बताया कि पटाखे में रासायनिक सामग्री भरते समय चिंगारी उत्पन्न हुई, जिसके बाद कई विस्फोट हुए और देखते ही देखते पटाखों के भंडार में भीषण आग लग गई। विस्फोटों के कारण पूरे इलाके में धुएं का घना गुबार फैल गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राहुल मीणा ने पुष्टि की कि यह फैक्ट्री लाइसेंसी थी, लेकिन एसडीपीओ रघुवीर ने चौंकाने वाला खुलासा किया।

# दुनिया का अनोखा पेड़ बना रहस्य का केंद्र

## बीमार होने पर पेड़ पीता है स्लाइन!

**महबूबनगर.**

अभी तक आपने इंसानों की तबीयत खराब होने के बाद सलाइन चढ़ते हुए अस्पतालों में देखा होगा लेकिन तेलंगाना के महबूबनगर जिले में एक पेड़ है जिसके बारे में जानकर आप चौंक जाएंगे। इस पेड़ की तबीयत खराब होने के बाद इसे सलाइन ड्रिप चढ़ाया जाता है। इस पेड़ को पिल्लालामर्री कहते हैं जो तेलंगाना के महबूबनगर में स्थित है और 800 साल पुराना बरगद का विशाल पेड़ है। यह पेड़ चार एकड़ में फैला हुआ है और दुनिया के सबसे पुराने और विशालकाय पेड़ों में से एक माना जाता है। इस पेड़ के तने इतने विशालकाय हैं कि चार एकड़ तक फैले हुए हैं और इस पेड़ की छाया में एक साथ एक हजार लोग बैठ सकते हैं।

इतना पुराना पेड़ होने की वजह से इसकी मुख्य जड़ में दीमक लग गई थी जिसकी वजह से यह पेड़ अपनी बड़ी-बड़ी टहनियां गवां चुका था। इस



पेड़ के एक हिस्से में दीमक लगने के कारण खतरनाक कीड़े को खत्म करने के लिए पेड़ को पहले चढ़ाया गया रासायन कारगार साबित नहीं हुआ। फिर वन्य विभाग के अधिकारियों ने इस पेड़ को सेलाइन के जरिए कीटनाशक दवाई चढ़ाई। पेड़ को प्रति दो मीटर की दूरी पर सलाइन चढ़ाया जा गया। इस पेड़ में कई जगहों पर सैकड़ों सेलाइन की बोतलें लटकती दिखाई देती हैं।

इस पेड़ को देखकर आपको हैरानी होगी जो प्राकृतिक अजूबा का एक नमूना है, इसकी विशाल शाखाएं और इसकी छाया दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस पेड़ की शाखाएं इतनी फैली हुई हैं कि इसकी छाया लगभग 19,000 वर्ग गज यानी करीब 1.6 हेक्टेयर में फैली हैं और, इसकी छाया में 1000 से ज्यादा लोग आराम से बैठ सकते हैं। इस अजूबे पेड़ की विशेषता यह है कि इसके मुख्य तने के साथ-साथ इसकी जड़ों और शाखाओं ने नए तने और कई जड़ें विकसित कर ली हैं, जिससे यह पेड़ पूरे जंगल जैसा दिखता है। यह अपने विशाल आकार और असंख्य जड़ों के लिए जाना जाता है।

यह पेड़ काकतीय वंश और बहमनी सल्तनत के समय से भी पहले से मौजूद है। कहा जाता है कि हैदराबाद के निजाम शासक गर्मियों में इस पेड़ की ठंडी और घनी छाया में पिकनिक मनाने आते थे। इस पेड़ का नाम पिल्लालामर्री है जिसका मतलब है 'पिल्ला' यानी बच्चा और 'मर्री' का मतलब बरगद, जिसका अर्थ है 'बच्चों का बरगद'। इसका नाम इसके मूल मुख्य तने के कारण पड़ा है जो अब लगभग सूख चुका है, जिससे इसकी कई जड़ें मूल पेड़ से उगने वाले बच्चों जैसी दिखती हैं।